26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 25 जनवरी, 2026

अंक- 93 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16+16

## विश्वनाथ मंदिर की मंगला आरती में अब 500 श्रद्धालुओं को मिलेगा टिकट

**वाराणसी ( एजेंसी/चिंगारी )।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की मंगला आरती में अब 250 की जगह 500 श्रद्धालुओं को टिकट उपलब्ध कराया जाएगा। श्री काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में लाखों की भीड़ उमड़ रही है। इस बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंगला आरती के लिए नियमित टिकटों की संख्या 500 कर दी गई है। शनिवार को परीक्षण के तौर पर श्रद्धालुओं की संख्या 250 से बढ़ाकर 475 की गई थी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने रविवार को बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। टिकट आसानी से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं। यदि टिकट बुक न हो पाए तो अपनी समस्या और संपर्क नंबर छोड़ दें, मंदिर प्रशासन द्वारा समय रहते सहायता प्रदान की जाएगी। ऑनलाइन माध्यम से एक महीने तक के टिकट बुक किए जा सकते हैं। उपलब्धता के आधार पर टिकट जारी किया जाएगा।

# विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा यूपी- नितिन नबीन




**मथुरा ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार को मथुरा पहुंचे। वे अक्षय पात्र में मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद बांकेबिहारी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। बाजना कट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। पार्टी अध्यक्ष के आगमन से भाजपाइयों में उत्साह का माहौल है। बाजना कट पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि जिस तरह से हम उत्तर प्रदेश में विकास के नए आयाम लिख रहे हैं, हम उत्तर प्रदेश में सरकार को फिर से सत्ता में लाने की पूरी कोशिश करेंगे। आपके आशीर्वाद से हम एक बार फिर ऐसी सरकार बनाएंगे, जिसमें विकास होगा और लोगों का विश्वास भी बढ़ेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगवानी करने के लिए प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मथुरा पहुंचे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री अक्षय पात्र के चंद्रोदय मंदिर, वृंदावन पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात में सहभागिता की।

## काशी से मातृ शक्तियां गणतंत्र दिवस परेड में देंगी नारी शक्ति का संदेश

**वाराणसी ( एजेंसी/चिंगारी )।** शिव की नगरी काशी में इस बार गणतंत्र दिवस पर मातृ शक्तियां राष्ट्रीय पर्व पर नारी शक्ति का मजबूत संदेश देने जा रही हैं। 26 जनवरी की परेड को पूरी तरह महिलाओं के नाम किया जा रहा है। परेड की फर्स्ट इन कमांड प्रशिक्षु आईपीएस मानसी दहिया ने बताया, मुझे गर्व है कि मैं एक प्रशिक्षु महिला अधिकारी हूं और मुझे गणतंत्र दिवस पर वाराणसी पुलिस को लीड करने का अवसर मिल रहा है। मैं अकेली नहीं हूं, मेरे साथ लगभग 400 महिला आरक्षी, महिला सब-इंस्पेक्टर, महिला कमांडो आदि शामिल हैं। इस वर्ष की 26 जनवरी की परेड अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। इस विशेष परेड में केवल महिला पुलिसकर्मी ही भाग लेंगी। महिला कमांडो टीम से लेकर सुरक्षा व्यवस्था और कमांड तक हर मोर्चे पर महिलाएं अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराएंगी। मार्च पास्ट में प्रशिक्षु महिला आरक्षी, ब्लैक कमांडोज, महिला घुड़सवार टोलियां और पूरी परेड को कमांड करती हुई प्रशिक्षु महिला आईपीएस अधिकारी की आवाज देश भर में महिला सशक्तिकरण का संदेश पहुंचाएगी।

## अमेरिका ने कनाडा को 100 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दी

**वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कनाडा को चीन के साथ व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने पर धमकी देते हुए कहा कि अगर कनाडा ने ऐसा किया तो उस पर 100प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति कनाडा और चीन के बीच हुए इस व्यापार समझौते को चीन द्वारा अपने निर्यात को कनाडा के रास्ते अमेरिका भेजने का एक जरिया मानते हैं। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, चीन कनाडा को पूरी तरह से निगल जाएगा, उसे पूरी तरह से नष्ट कर देगा, जिसमें उसके कारोबार, सामाजिक ताना-बाना और जीवन शैली का विनाश भी शामिल है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने हाल ही में बीजिंग का दौरा किया था और एक प्रारंभिक व्यापार समझौते पर सहमति जताई थी जिसके तहत कनाडा को बेची जाने वाली चीनी इलेक्ट्रिक कारों पर टैरिफ कम किया जाएगा, जिसके बदले में चीन ने कनाडाई कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम करने पर सहमति जताई थी। कनाडाई उत्पादों पर इतने ऊंचे टैरिफ लगाने से अमेरिकी आपूर्ति श्रृंखलाएं, जिनमें रक्षा उत्पादन श्रृंखलाएं भी शामिल हैं, बाधित हो सकती हैं क्योंकि परंपरागत रूप से दोनों देश एक-दूसरे के उत्पादों के लिए पुर्जे और सहायक उपकरण बनाकर एक-दूसरे की आपूर्ति प्रणालियों में योगदान करते हैं।



### गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

चिंगारी सांध्य दैनिक के सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, आजीवन सदस्यों, एजेंटों/हॉकरों, संवाददाताओं, संस्थानकर्मियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**अवकाश सूचना**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को चिंगारी का प्रकाशन नहीं होगा। अत: अगला अंक 27 जनवरी 2026 को मिलेगा।

-संपादक

Ather स्पेशल ऑफर Ather

पुरानी टू व्हीलर को अलविदा कहो

नई Ather के साथ आगे बढ़ो

स्पेशल ऑफर

महालोन एंड एक्सचेंज मेला

आवश्यकता है - अनुभवी शोरूम मैनेजर व सेल्स एग्जीक्यूटिव की।



Sunday 25 Jan: 2026

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

**सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**RAGHUKUL GLOBAL ACADEMY PAIJANIYA**
**Affiliated to CBSE**

Affiliation No. - 2134402
School Code - 80229

**ADMISSION OPEN**

SALIENT FEATURES:
Highly experienced and well qualified teachers ✓
Computer education compulsory ✓
School is observed by CCTV 24x7 ✓
Spacious and well architecture school building ✓



Contact : - 9759280081
9837700533
www.raghukulglobalacademy.com
Email : - raghukulglobalacademy@gmail.com

**SATYAWATI MEMORIAL ACADEMY**

के परिवार की ओर से सभी देशवाशियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ



Ad. Rajeev Kumar
Manager

Premraj
Principal
(B.Tech., M.Ed)



Kasour Road, Kiratpur
Contact- 7451853471, 8865996250 E-mail- SMACADEMY505@gmail.com

## कार्यालय नगरपालिका परिषद नजीबाबाद ( बिजनौर )

### 77 वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर सार्वजनिक सूचना

1. नगर आपका है इसे स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
2. कूड़ा निर्धारित स्थान अथवा कूड़ा गाड़ी आने पर डालें।
3. प्रतिबंन्धित पॉलिथीन / एकल उपयोग प्लास्टिक सामग्री के उपयोग से बचें और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद करें।
4. पालिका करो की समय से अदायगी करें।
5. जन्म-मृत्यु का समय से पंजीयन करायें।
6. पालिका सम्पत्ति को नुकसान व अतिक्रमण न करें।
7. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें तथा नल की टोटी खुली न छोड़ें।





**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद

**इंजी. मुअज़्ज़म ख़ां**
**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद

## नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नगर वासियों को हार्दिक बधाई

**आइये इस अवसर पर नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का संकल्प लें।**

1. यह नगर आपका है, इसको स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें।
2. घर अथवा दुकान से जनित (जनरेट) होने वाले गीला एवं सूखा कूड़ा को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्र करें।
3. नगर को स्वच्छ रखने के लिए कूड़े को किसी भी दशा में नाले/ नाली, सड़क अथवा खुले स्थान में न फेंके और न ही जलाए। कूड़ा खुले में फेंकने से ही सड़क के साथ मौहल्ला गंदा होता है। ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।
4. शौच हेतु व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक / सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल करें, खुले में शौच कदापि न जाये।
5. पेयजल को व्यर्थ ही बरबाद न करें।
6. पालिका के करों एवं अन्य देयों का समय से भुगतान करके अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
7. पालीथीन का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित है कृपया नगर को पालीथीन मुक्त रखें।
8. जन्म मृत्यु का रजिस्ट्रेशन समय से अवश्य करायें।
9. रोड पटरियों, नालियों, पालिका सम्पत्ति व सड़क पर अतिक्रमण न करें।
10. वृक्षों का संरक्षण करें व अधिक से अधिक वृक्ष लगाये, पर्यावरण बचाएं।

**कम्पोस्ट अपनाओ, नर्सरी को और भी महकाओं। कम्पोस्ट बनाओ, देश व नगर को स्वच्छ बनाओ।**

**'हमारा प्रयास स्वच्छ भारत स्वच्छ किरतपुर'**

**मेघा गुप्ता**
अधिशासी अधिकारी

**अ. मन्नान**
अध्यक्ष

**समस्त सभासद एवं कर्मचारी गण**

# बाबा साहेब और संत रविदास का फोटो फ्लैक्सी पर लगाने वाले अब कहां हैं?

## दलित समाज खुद को ठगा-सा महसूस कर रहा : ओम कुमार

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार ने बाबा साहेब और संत रविदास के फोटो अपने फ्लैक्सी पर लगाने वाले नेताओं पर सवाल उठाया है। उनका कहना है कि संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और संत शिरोमणि रविदास जी के फोटो लगाकर गरीब दलित समाज के वोट लेने वाले अब लापता हैं।



ओम कुमार ने बताया कि वह हर बार संत रविदास की जयंती पर प्रशासन से शोभायात्राओं की अनुमति दिलाते हैं। दलित समाज को कोई परेशानी नहीं आने देते। लेकिन देखते हैं कि जो नेता बाबा साहेब और संत रविदास के फोटो लगाकर राजनीति कर रहे हैं, वे अब नदारद हैं। इस बार भी उन्होंने रविदास जयंती के अवसर पर शोभा यात्राओं की स्वीकृति देने में किसी भी प्रकार की आनाकानी और विलंब न किए जाने के संबंध में जिला प्रशासन से वार्ता कर स्वीकृति के कार्य को प्राथमिकता से कराया है।

दलित समाज की समस्याओं और समाधान कराये जाने के संबंध में सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह सवाल तो उन लोगों से पूछा जाना चाहिए जो रविदास जी और बाबा साहब के झंडे और तस्वीर लगाकर दलितों का वोट लेकर जन प्रतिनिधि बनने के बाद उनके बीच से गायब हो जाते हैं। ऐसे जनप्रतिनिधि दावा तो देश के समस्त दलित समुदाय की लड़ाई लड़ने का कर उनका वोट ले लेते हैं परंतु अपने क्षेत्र के ही दलितों की समस्याओं का उनसे समाधान नहीं हो पाता है। दलित समाज की समस्याओं से फिर उनका कोई संबंध नहीं रहता है। इसलिए दलित समाज स्वयं को ठगा-सा महसूस करता है।

उन्होंने अपने पिछले और वर्तमान कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि इस अवधि में वह कभी जनता के बीच से गायब नहीं हुए, हमेशा अन्य वर्गों के साथ ही दलितों की समस्याओं के समाधान के लिए वह आगे रहे हैं और हर समस्या का समाधान भी कराया है। उन्होंने कहा कि वह मरते दम तक समाज के सभी वर्गों की सेवा नि:स्वार्थ भाव से करते रहेंगे।

## सूचना

मेरी यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0893145 की अंक तालिका सह प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट (संख्या M7210 911) वास्तव में खो गई है। जो काफी ढूंढने पर भी नहीं मिले हैं यदि किसी सज्जन को मिलते हैं, तो वह मुझे वापस कर दे। **-तालिब अहमद पुत्र फ़हमीद अहमद आयु 29 वर्ष मोहल्ला अफ़ग़ानान नहटौर, थाना नहटौर ज़िला बिजनौर यूपी**

## शायर ताहिर फ़राज़ का इंतक़ाल अदबी हलक़ों में रंजो-मलाल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** उर्दू के नामवर शायर ताहिर फराज के इंतकाल की खबर मिलते ही शायरों व साहित्य प्रेमियों वगैरह में शोक की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर उनके इंतकाल की खबर पर अफसोस जाहिर कर उनके लिए दुआएं मगफिरत करने वालों का सिलसिला जारी हो गया। शायर कामिल खान 'कामिल', एसएम असलम, महबूब अली 'महबूब', शमशाद अहमद, महशर अली, शमीम अहमद 'गुल' वगैरह ने उनके इंतकाल पर गहरे रंजोगम का इज़हार करते हुए उनके लिए दुआएं मगफिरत की और उनके इंतकाल को अदबी दुनिया का बड़ा नुकसान बताया। उन्होंने कहा कि ताहिर फ़राज़ अपनी खूबसूरत व मयारी शायरी के जरिए समाज को सच्चाई से रुबरु कराते थे। उनकी शायरी में दर्द, मोहब्बत और मानवीय रिश्तों की गहरी छाप थी जिससे वह असंख्य लोगों के दिलों में बसे रहते थे। स्थानीय शायरों का कहना है कि वह संवेदनशीलता और मानवीय रिश्तों को प्रदर्शित करने वाली शायरी के लिए मशहूर थे, मुशायरों में जिनकी कमी हमेशा हमेशा महसूस की जाएगी। तमाम शायरों व साहित्य प्रेमियों ने उनको जन्नतुल फ़िरदौस में आला मुकाम व गमजदा अहले खाना को सब्र-ए-जमील अता करने की अल्लाह से दुआएं की हैं।


धन धन बाबा दीप सिंह जी के प्रकाश पर्व व 77वें गणतंत्र दिवस की सभी क्षेत्रवासियों और नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



अध्यक्ष
जसविन्दर सिंह
(बॉबी)
निवेदक- सिख समाज सेवा समिति
रजि. खासपुरा ( बिजनौर )

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है!



MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

आकर्षक उपहार



XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

# कक्षा 10 के विद्यार्थियों को दी भावपूर्ण विदाई

## मिस्टर फेयरवेल रितेश शेरावत व मिस फेयरवेल सुमैया बनीं



**झालू (चिंगारी)।** ग्रेट इंडियन एकेडमी परिसर शनिवार को उस समय भावनाओं, मुस्कानों और यादों से भर उठा, जब कक्षा 10 के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय के समापन का प्रतीक था, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं से भी ओत-प्रोत रहा। कक्षा 10 के छात्र उज्जवल चौधरी एवं मानवी चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। इसके पश्चात विद्यालय की परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। फेयरवेल समारोह को आकर्षक और मनोरंजक बनाने के लिए कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किये गये। जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के स्वागत में सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्रों का मन मोह लिया।

मिस्टर फेयरवेल का खिताब रितेश शेरावत को जबकि मिस फेयरवेल का सम्मान सुमैया ने अपने नाम किया। वहीं, मिस शाइन का खिताब मानवी चौधरी को मिला। इस अवसर की एक अत्यंत भावुक और सराहनीय झलक यह रही कि कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को स्वयं द्वारा दिये गये स्नेहपूर्ण उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का समापन करते हुए विद्यालय के प्रबंधक गौरव डाबरा प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा व उप प्रधानाचार्या दीक्षा डाबरा एकेडमिक डीन मिस्टर आयुष अग्रवाल ने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामनाएं कीं तथा भविष्य में उन्हें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# रोडवेज बसों के चालकों व परिचालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गौरी शंकर ठाकुर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बिजनौर तथा मुन्नालाल, यात्रीकर अधिकारी द्वारा रोडवेज बस अड्डों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परिवहन निगम की बसों के चालकों और परिचालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई और उन्हें सुरक्षित वाहन संचालन के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। अधिकारियों ने चालकों को विशेष रूप से रात्रि के समय वाहनों की हेडलाइट लो-बीम पर रखने के निर्देश दिये। बताया गया कि हाई-बीम लाइट से सामने से आने वाले वाहन चालकों को परेशानी होती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। अभियान के दौरान विभिन्न मार्गों पर दोपहियां वाहन चालकों को भी रोककर जागरूक किया गया। उन्हें वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आमजन को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करना है। सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन करके ही हादसों से बचा जा सकता है।

# बच्चों ने वेस्ट सामग्री से उपयोगी वस्तुएं बनायी



**बिजनौर (चिंगारी)।** आदर्श शिक्षा पब्लिक जू.हाई.स्कूल में सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के विषय पर प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया, जिसमें बच्चों ने वेस्ट सामान को फेंकने के स्थान पर उनसे क्या-क्या उपयोगी चीजें व सजावट का सामान बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी नारायण दत्त पाठक सुजीत एवं सौम्य श्रीवास्तव द्वारा प्रथम स्थान के लिए प्रियांशी को चुना। सभी बच्चों को जलपान भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या गार्गी ठाकुर ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्यों को धन्यवाद देकर फिर से कार्यक्रम के लिये समय निकालने का आग्रह किया। इस प्रतियोगिता में पूनम शर्मा, गुलिस्ता आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान ने हादकपुर में आयोजित किया चिकित्सा शिविर




**शेरकोट (चिंगारी)।** शनिवार को क्षेत्र के ग्राम हादकपुर में दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से आयोजित किये गये 197वें निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 70 मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं तीन दिन की दवाइयां वितरित की गई।

स्वास्थ्य शिविर का उदघाटन मां तारा देवी आश्रम के पुजारी महाराज लाल भारती ने फीता काटकर किया और साथ में देवेंद्र त्यागी, राजेंद्र सिंह, पंडित कृष्ण कुमार कौशिक, विशाल त्यागी, रजत त्यागी, करतार सिंह, राम नारायण सिंह, रामेश्वर प्रसाद, राहुल कुमार भास्कर, पंडित तुषार मृदुल, पारस पंडित मौजूद रहे। शिविर में डा. आदित्य अग्रवाल सर्जन ने 70 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया और उन्हें 3-3 दिन की निःशुल्क दवाइयां दी। शिविर में खून की सभी जांचें भी कम मूल्य पर कराई गई। इस मौके पर दस रुपए लेकर कपड़े के थैले भी वितरित किये गये। शिशिर में देवेंद्र त्यागी, राजेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, विशाल त्यागी, रजत त्यागी, करतार सिंह, रामनारायण सिंह, रामेश्वर प्रसाद, राहुल कुमार भास्कर, पंडित तुषार मृदुल, पारस पंडित आदि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई

**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान महाविद्यालय बिजनौर में मतदाता जागरूकता दिवस के संबंध में विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गयी तथा उत्तर प्रदेश दिवस मनाया गया। इस अवसर पर और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम अधिकारियों, स्वयंसेवकों को मतदान का महत्व बताया गया, उसके पश्चात् स्वयंसेवकों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। इस वर्ष मतदाता दिवस की थीम माई इंडिया, माई वोट है, जबकि टैगलाइन सिटीज़न एट दा हार्ट ऑफ डेमोक्रेसी है। इस कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुहम्मद साबिर, डा. बबीता चौधरी, डा. अनूप कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।



# प्राविधिक शिक्षा परिषद की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्र बांटे

**बिजनौर (चिंगारी)।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पॉलिटेक्निक के छात्रों को सम्मानित किया गया। इन छात्रों को प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ ने 2024-25 के प्रथम वर्ष के परीक्षाफल के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के तहत प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराये हैं। जिन छात्र-छात्राओं ने प्रथम वर्ष में 46 क्रेडिट में से 46 क्रेडिट प्राप्त किये हैं, उन छात्रों को प्रथम वर्ष उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र वितरित किया गया है। संस्थान के पॉलिटेक्निक मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष के 03 छात्रों- सुमित भण्डारी, प्रियन्त कुमार, ताजिम ने 46 में से 46 क्रेडिट प्राप्त किये हैं। शनिवार को प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये तीनों छात्रों के प्रमाण-पत्र संस्थान द्वारा वितरित किये गये हैं। संस्थान के प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल व निदेशक नितिन अग्रवाल, रजिस्ट्रार विपिन कुमार व विभागाध्यक्ष सय्यद हैदर ने छात्रों को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आंखों की रोशनी गई तो मन की आंखों से मिटाया अंधकार

## दिखाई नहीं देता पर शिक्षक बन कमा रहे आजीविका

## शेरकोट के हाफ़िज़ फरीद बने मिसाल


## चार बरस की उम्र में चली गई थी आंखों की रोशनी

शहबाज़ अनवर 'शोबी'

**बिजनौर (चिंगारी)।** शेरकोट निवासी हाफ़िज़ फरीद लोगों के लिए एक मिसाल हैं। आंखों से दिखाई नहीं देने के बावजूद उन्होंने अपने हौंसलों से आंख वालों की तरह मेहनत की, चलना-फिरना जारी रखा। शहर में उनका नाम लेकर मिसाल दी जाती है।

नगर के मोहल्ला तराई में रहने वाले हाफ़िज़ फरीद एक बीमारी के चलते सिर्फ चार साल की उम्र में अपनी दोनों आंखे गंवा बैठे थे। घरवाले हिम्मत नहीं हारे और हाफ़िज़ फरीद को कुरआन हिफ़्ज़ कराया। 12 साल की उम्र में उन्होंने कुरआन हिफ़्ज़ कर लिया। अब चुनौती थी कि कैसे आगे की ज़िन्दगीं बशर होगी।

हाफ़िज़ फरीद बताते हैं कि आंखों से बिल्कुल नहीं दिखता था। अलबत्ता शुरू में उन्हें आने-जाने के लिए मदद लेनी पड़ी, लेकिन जल्द महसूस



हुआ कि ये तो किसी को अपने साथ गुलाम बनाने जैसा होगा। इसके बाद वक़्त बढ़ा और उन्होंने मन की आंखों से दुनिया महसूस करनी शुरू की। हाफ़िज़ फरीद की आयु अभी लगभग 65 साल है। उनके तीन बच्चों में बेटी की शादी कर चुके हैं, एक बेटा विदेश है जबकि तीसरा बेटा पढ़ रहा है। इस बारे में कारी शहज़ाद कहते हैं कि हल्की-फुल्की चोट लगने के बाद लोग भिक्षा आदि मांगने लगते हैं, पर हाफ़िज़ फरीद ऐसे लोगों के लिए नज़ीर हैं।

### दिखाई नहीं देता पर घर-घर जाकर पढ़ाते हैं ट्यूशन

हाफ़िज़ फरीद शेरकोट में गंज की मस्जिद स्थित मदरसे में पढ़ाते हैं, एक मस्जिद में इमामत भी करते हैं और बच्चों को घर-घर जाकर ट्यूशन भी पढ़ाते हैं। वह ये सब अकेले हाथ में एक छड़ी के सहारे ही करते हैं। वह मन की आंखों से ही मोड़ आने पर मुड़ते हैं, गलियों में घरों तक पहुंचते हैं। वह चलते समय छड़ी को ज़मीन पर धीरे-धीरे मारते रहते हैं।

### लगता है मानो गूगल मैप उनके दिमाग़ में फिट हो

हम कुछ समय हाफ़िज़ फरीद के साथ पीछे-पीछे चले। कोई मोड़ आता तो वह थोड़ा ठिठकते और फिर कुछ ही पल में मुड़ जाते। एक साहब का हमने उनके सामने नाम लिया तो उन्होंने तुरंत कहा, 'थोड़ा पीछे दाहिने हाथ पर उनका घर है'।

### अल्लाह से नहीं है कोई शिकायत

**हाफ़िज़ फरीद को अल्लाह से कोई शिकायत नहीं है। वह कहते हैं मेरी आंखें बचपन में ख़त्म करने के पीछे अल्लाह का कोई राज़ होगा। वह खुशी जताते हैं कि अल्लाह ने उन्हें हाफ़िज़ ए कुरआन बनाया।**

# कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे परिवार के तीन सदस्य हुए बेसुध

## निजी अस्पताल में इलाज के बाद मिली राहत

**नगीना (चिंगारी)।** कमरे में अंगीठी जलाकर सोना एक परिवार के लिए खतरे का सबब बनते-बनते रह गया। आधी रात को एक सदस्य की आंख खुली तो बेहोशी की स्थिति में पहुंच रहे परिवार के तीनों सदस्यों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। हालांकि इलाज के बाद तीनों स्वस्थ हो गये।

नगर के सुनहरी मस्जिद के पास फोटोग्राफर का कार्य करने वाले शलभ गर्ग ने बताया कि रात्रि के समय दुकान बंद करके जब वह घर पहुंचे तो उन्होंने कमरे में अंगीठी जला ली। कमरे में उनके अलावा उनकी पत्नी सोनम गर्ग व 23 वर्षीय पुत्र पार्थ अंगीठी जलती छोड़कर सो गये। रात्रि में करीब तीन बजे उन्हें सोते हुए सांस लेने में दिक्कत महसूस हुई तो वह हड़बड़ा कर उठे तथा पानी पिया, लेकिन फिर भी वह उन्हें सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी। उन्होंने पत्नी को उठाया तो वह भी उठते ही बेहोश होकर नीचे गिर गई। मुंह के बल नीचे गिरने से हालांकि उसे चोट भी आ गई। पुत्र पार्थ को उठाया गया तो वह भी बेसुध होने लगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने तभी चिकित्सक को फोन किया तथा अन्य परिजनों के साथ निजी अस्पताल पहुंच गए। इलाज के बाद तीनों को कई घंटे बाद छुट्टी दे दी गई उन्होंने बताया कि अब वह तीनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। उनका कहना है कि ईश्वर की असीम कृपा रही कि उनकी आंख खुल गई वरना एक बड़ी घटना हो सकती थी। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र पार्थ रुद्रपुर में सर्विस करता है तथा रात ही घर आया था।

# प्रशासन ने की सार्वजनिक संपत्ति की घेराबंदी, बोर्ड लगाने के निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद स्योहारा क्षेत्र में स्थित लगभग 100 वर्ष पुरानी सार्वजनिक भूमि को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनज़र कार्रवाई की है। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर गाटा संख्या 2027(ग) में दर्ज भूमि की तारबंदी कराई गई। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक श्रेणी के अंतर्गत दर्ज है।

प्रशासनिक निर्देशों के अनुपालन में नायब तहसीलदार विजय कुमार की निगरानी में नगर पालिका परिषद स्योहारा द्वारा तारबंदी की कार्यवाही की गई। इस दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल सहित पालिका के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। किसी भी तरह की अव्यवस्था की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

नायब तहसीलदार विजय कुमार ने बताया कि संबंधित भूमि सार्वजनिक संपत्ति है और इसे नगर पालिका परिषद स्योहारा को अभिरक्षा में सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि भूमि पर सूचना बोर्ड भी लगाया जाएगा, ताकि स्थिति स्पष्ट रहे। हालांकि भूमि के कुछ खाली हिस्सों को लेकर स्वामित्व और कब्जे से जुड़े वाद सिविल न्यायालय में विचाराधीन हैं। प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक जमीनों की सुरक्षा के लिए यह कदम उठाया गया है, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद या अवैध कब्जा रोका जा सके।

# राजकीय पॉलिटेक्निक मवाना में हुआ भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन




**बिजनौर (चिंगारी)।** राजकीय पॉलिटेक्निक मवाना खुर्द मेरठ में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर दीक्षांत समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप एक ईमानदार अधिकारी बनें। हम किसी भी पोजीशन पर क्यों ना रहे हमें लालच नहीं करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि अपने माता पिता एवं गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। संस्था के तीनों ब्रांच सिविल, कंप्यूटर एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग के टॉपर्स स्नेहा, हर्ष कुमार बंसल, शौएब खान, हरिओम, विनीत, धर्मेंद्र, जीतू, तुषार एवं अजय कुमार रहे। उनको मुख्य अतिथि द्वारा सर्टिफिकेट डिप्लोमा के साथ साथ स्मृति चिन्ह से भी सम्मानित किया गया। अन्य सभी छात्र छात्राओं को डिप्लोमा वितरित किये गये। संस्था के प्रधानाचार्य आशीष कुमार ने संस्था की उपलब्धि को विस्तार से बताया और पूर्व छात्रों के कैरियर के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन जैनेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में अन्य अतिथि सतेंद्र काकरान, अमरदीप खत्री, योगेश धामा आदि रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मपाल सिंह, उर्मिला, अमित, मनोज, पायल, अनुराग, नवीन कुमार, जोगेंद्र पाल, अवधेश, अजय बंसल, शाहने आलम आदि का सहयोग रहा।

# इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारने के विरोध में रैली निकाली



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड विक्रम ऑटो महा संघ की पूर्व घोषणा के अनुपालन में महासंघ के अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत के नेतृत्व में कल हजारों ऑटो विक्रम आईडीपीएल ग्राउंड में एकत्रित हुए और ऋषिकेश नगर निगम की ओर कूच किया। रैली में हजारों की संख्या में ऑटो विक्रम चालक परिचालक शामिल हुए। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा ऋषिकेश से नगर निगम को नेपाली फार्म क्षेत्र से तपोवन तक चलने के लिए 27 इ. बसों की अनुमति मिल चुकी है इसके विरोध में लगातार तिपहिया परिवहन व्यवसाय आंदोलनरत है और लगातार अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के काबिना मंत्री एसडीम, नगर आयुक्त, महापौर को ज्ञापन के माध्यम से अपनी बातों को कहते आ रहे हैं। कल समस्त तिपहिया वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहनों को रैली के रूप में लाकर नगर निगम प्रांगण में खड़ा कर दिया गया। रैली को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत ने कहा कि रोजगार की लड़ाई में हम सब एक साथ है और इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने के लिए आगे भी लड़ाइयां लड़ते रहेंगे। नगर निगम महापौर का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने हमारी पीड़ा को समझा और आश्वासन दिया कि ऋषिकेश के अंदर इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन नहीं होगा। अध्यक्ष ने हरिद्वार और डोईवाला की परिवहन यूनियनों का भी आभार प्रकट किया। रैली को उत्तराखंड परिवहन महासंघ के अध्यक्ष सुधीर राय रावत ने भी सम्बोधित किया।

तपोवान ऑटो यूनियन के अध्यक्ष त्रिलोक भंडारी ने सभा का संचालन किया मुनि के रेती ऑटो यूनियन के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने ज्ञापन पढ़कर सुनाया और महापौर को दिया। नगर निगम के महापौर ने कहा कि आप सबके इस रोजगार की लड़ाई में हम आपके साथ हैं। एक दिन अपने रोजगार को छोड़कर यहां आए जिसका मुझे खेद है। हम यह चाहते हैं कि हर व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध हो। सरकार द्वारा यदि ऐसा कोई प्रस्ताव नगर निगम में लाया गया, तो नगर निगम द्वारा उस प्रस्ताव को वापस भेज दिया जाएगा। कार्यक्रम में राजेंद्र लंबा, वीरेंद्र सजवाण, मंगल सिंह राणा, प्रताप यादव, नवीन चंद्र रमोला, आशुतोष शर्मा, दयाल सिंह भंडारी आदि उपस्थित थे।

## बाइक चोरी की झूठी सूचना पर पुलिस ने किया चालान

**जसपुर ( चिंगारी )।** ग्राम पूरनपुर में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर के दौरान आये एक व्यक्ति ने मंच पर उपस्थित अफसरों से अपनी बाइक चोरी होने की सूचना दी। बताया कि वह शिविर ने आया था और मौके से ही चोरी हो गई। व्यक्ति की शिकायत पर एडीएम पंकज उपाध्याय ने एसआई नादेही चौकी इंचार्ज को मामले से अवगत कराया। बाइक चोरी की शिकायत पर जब चौकी इंचार्ज संतोष देवरानी ने जांच की, तो पता चला कि व्यक्ति ने अपनी बाइक शिविर में कही ओर खड़ी की थी। जो बाद में मिल गई। मामले में पुलिस ने झूठी सूचना देने पर जगन सिंह निवासी धर्मपुर का चलान कर दिया। मामला शिविर में चर्चा का विषय बना रहा ।

## शिशु मंदिर में बसंत पंचमी, सुभाष जयंती एवं हकीकत राय बलिदान दिवस मनाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी, सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं वीर हकीकत राय बलिदान दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों प्रदीप गुप्ता, श्रीमती पारुल गुप्ता, महावीर सिंह, श्रीमती माया देवी द्वारा मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। मां शारदा की वंदना के पश्चात प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह द्वारा समस्त अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर हुए यज्ञ में मुख्य यजवान के रूप में प्रदीप गुप्ता, श्रीमती पारुल गुप्ता, महावीर सिंह, श्रीमती माया देवी, विद्यालय प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य अक्षत बंसल व उपाध्यक्ष डॉ. शंकर लाल शर्मा रहे। पुरोहित शरद शर्मा ने पूजन कराया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य भूपेंद्र कुमार ने महान नेता सुभाष चंद्र बोस के बारे में विस्तार से बताया। आचार्य शिव सेवक द्वारा वीर हकीकत राय के बलिदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. शंकर लाल शर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

## बसंत पंचमी पर हुई विचार व काव्य गोष्ठी

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश युवा साहित्यकार संघ के तत्वावधान में बसंत पंचमी के अवसर पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को हरिकांत निवास पर आयोजित कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से बसंत ऋतु का स्वागत किया। विरेंद्र बेताब का कलाम था 'मौसम गुल बहार का मौसम, लेके आया खुमार का मौसम' नरेश वर्मा ने कहा 'विद्या ज्ञान बुद्धि की देवी मां शारदा को नमन करने ऋतुराज बसंत आया।' राज कुमार वर्मा का कहना था 'वक्त जब भी मिले अपने मां बाप के पास थोड़ा बहुत बैठ जाया करो।' अनिल शर्मा अनिल ने कहा 'देश सबसे प्रथम जिसके निवासी हम, जन्म भूमि मातृ भूमि करती पुकार मां।' इस अवसर पर राज कुमार सिंह ,विभूति कांत शर्मा, गजेंद्र वीर सिंह, अजयपाल शर्मा धीमान, रजनीश शर्मा, इंदु कांत ने भी अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को सफल बनाया। अध्यक्षता डॉक्टर विजय पाल सिंह ने की व संचालन हरिकांत शर्मा ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया।

## मतदाता दिवस पर आज नगर पालिका ने निकाली रैली

**धामपुर ( चिंगारी )।** रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाए जाने हेतु नगर पालिका परिषद, धामपुर द्वारा आज प्रात: पालिका प्रांगण में सर्वप्रथम श्री रवि शंकर शुक्ला अधिशासी अधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। तदोपरांत एक विशाल रैली निकाली गई, जो नगर पालिका कार्यालय से प्रारंभ होकर रेलवे स्टेशन से प्राइवेट बस स्टैंड, भगवान होटल होते हुए डॉक्टर जाकिर हुसैन रोड से नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक से रोडवेज बस स्टैंड होते हुए पालिका कार्यालय में हुई। रैली में अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल, पवन कुमार, प्रधान लिपिक पुष्पेंद्र सक्सेना, अमित गुप्ता, विकास गुप्ता एवं पालिका के महिला एवं पुरुष सफाईकर्मी आदि शामिल रहे।

## पुष्प निकेतन में बसंत पंचमी पर की गई मां सरस्वती की पूजा-अर्चना



पुष्प निकेतन स्कूल में वसंत पंचमी पूजा करते हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल परिसर स्थित पुष्प निकेतन स्कूल में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा ने मां सरस्वती की वंदना कर उनके चरणों में पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर पुष्पेंद्र चौहान द्वारा मां सरस्वती से संबंधित मधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात 'इनर व्हील क्लब' के तत्वावधान में एक समकालीन एवं अत्यंत प्रासंगिक विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था 'मोबाइल से दूरी / सोशल मीडिया से दूरी।'

इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 9 तथा कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने जहां एक ओर मोबाइल और सोशल मीडिया के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला, वहीं दूसरी ओर वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता को भी संतुलित रूप से रेखांकित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भव्य प्रताप कक्षा-9, द्वितीय स्थान तरंग कक्षा-7 और तृतीय स्थान उद्भव कक्षा-9 ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा ने इनर व्हील क्लब की सराहना करते हुए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का आग्रह किया। इनर व्हील क्लब की धामपुर शहर की अध्यक्षा मनमीत कौर, कोषाध्यक्ष डॉ. प्रीति विश्नोई ने भी विद्यार्थियों और स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की। विजेताओं को पुरस्कार और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। अकादमिक कोऑर्डिनेटर विभोर भारद्वाज और वरुण देवरा का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। पवन संगम, विशाल, भव्या कौशिक, मैबल वाल्टर, दीक्षा, पंकज गहलौत आदि शिक्षकगणों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

## सुभाष चन्द्र बोस व बाला साहब ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग



पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देते हुए शिव सैनिक।

**धामपुर ( चिंगारी )।** शिव सेना ने बाला साहब ठाकरे की 100वीं और सुभाष चन्द्र बोस की 129वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई। शिव सेना के मुरादाबाद मंडल प्रमुख आर.के. आर्य एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ता शिवाजी पार्क में एकत्रित हुये और गगनभेदी नारे लगाते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पुलिस क्षेत्राधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दोनों ही क्रांतिकारियों को भारत रत्न देने की मांग को लेकर दिया।

ज्ञापन देने वालों में आर.के. आर्य एडवोकेट मंडल प्रमुख, चौधरी संजय राणा जिला प्रमुख, विकास त्यागी युवा सेना जिला प्रमुख, सोनम त्यागी भवानी सेना जिला प्रमुख, कांति देवी नगर अध्यक्ष धामपुर, विनोद चौहान, क्षेत्रपाल सिंह, ब्रजमोहन प्रजापति, रामपाल सिंह, अनिता देवी, विजय लक्ष्मी यादव, राधिका राजपूत, सुमन त्यागी, शांति देवी, सुखिया देवी, अनिता देवी, पूनम देवी, प्रियंका देवी, तनु रानी, साक्षी रानी, रामभजन, मनवीर यादव, कुलदीप सिंह, महेन्द्र सिरोही, अशोक कुमार, हरविंद्र सिंह, सार्थक, आदित्य, आशु, गौरव कुमार, रोहित कुमार, आदर्श कुमार आदि शामिल रहे।

# उत्तम प्रदेश के रूप में पहचान बना रहा उत्तर प्रदेश- अनिल कुमार

## प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री उत्तर प्रदेश अनिल कुमार की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर इंदिरा बल भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विधायक नहटौर ओम कुमार, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, नगर पालिका चेयरपर्सन बिजनौर, अध्यक्ष आरएलडी, परियोजना निदेशक दिनकर विद्यार्थी, उपायुक्त मनरेगा एवं एनआरएलएम, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा छात्र-छात्राएं एवं भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

स्कूली छात्र एवं छात्राओं द्वारा मंत्री के स्वागत गीत के उपरांत देश प्रेम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य प्रस्तुतीकरण किया गया।




मंत्री श्री अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना 24 जनवरी 1950 को हुयी थी, इससे पूर्व इसे संयुक्त प्रांत के नाम जाता था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन 24 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य वर्ष 2030 तक प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी बनाना है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश पूरे देश में उत्तम प्रदेश के रूप में देश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। मंत्री द्वारा शिक्षा, खेल, उद्योग, स्वच्छता सहित एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री ने कार्यक्रम के अंत में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को टूल किट, लैपटॉप, प्रधानमंत्री आवास की चाबी एवं ट्राईसाइकिल देकर लाभान्वित किया गया।

# हरेवली में हुआ भव्य हिन्दू सम्मेलन




**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र के हरेवली स्थित शिव मंदिर परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों हिंदुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिमांशु कुमार, कमलवीर सिंह, मास्टर होरी सिंह सहित समिति के अध्यक्ष अजयपाल सिंह मंच पर उपस्थित रहे, जबकि मदनपाल सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य वक्ता कमलवीर सिंह, हिमांशु कुमार, मास्टर होरी सिंह ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की 100 वर्ष की यात्रा के बारे में विस्तार पूर्वक तथा हिंदुत्व व उसकी विशेषताएं वर्तमान चुनौतियां एवं समाधान को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, गौतम, हुकम सिंह, राजीव, लवकुश, मुकेश कुमार, मोहन कश्यप, राजा राम, कल्याण सिंह, संजय गुप्ता, राजेंद्र कुमार, ठाकुर हेमपाल, मुनेश, रूपचंद व अनिल कुमार पेंटर, जयवीर पंचवाल आदि मौजूद रहे।

# शिविर में मनाया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

**चांदपुर ( चिंगारी )।** लोकप्रिय इंटर कॉलेज केलनपुर, बिजनौर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित विशेष शिविर के पंचम दिवस को उत्तर प्रदेश दिवस एवं महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य तोमर ने बताया कि यह राज्य सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धरोहर, शिक्षा एवं विकास की दृष्टि से देश में विशिष्ट स्थान रखता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक महिलाएं शिक्षित, सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर नहीं होंगी, तब तक राष्ट्र प्रगति की ओर पूर्ण रूप से अग्रसर नहीं हो सकता। इस अवसर पर प्रशांत कुमार तोमर, सत्यवीर सिंह, कुलवेंद्र सिंह, कावेंद्र सिंह, सुमित कुमार, रोहित कुमार, कुलदीप कुमार, शिखा रानी, पवन लता रानी, अनूपा रानी, रेशु अलंकार आदि विद्यालय स्टॉफ का सहयोग रहा।




# पीएम आवास योजना में पैसा मांगने वाले के खिलाफ़ होगी कार्रवाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, (डूडा) ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण जारी जानकारी देते हुए बताया कि जिला बिजनौर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत समस्त कार्यों का सम्पादन नगर निकाय द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्य के लिए कोई भी संस्था नामित नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रथम चरण में कार्यरत नामित संस्था क्रिएटिव कन्सयोर्टियम के किसी भी कार्मिक की कोई भी भूमिका नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 पूर्णत: नि:शुल्क है। उक्त योजना के अन्तर्गत किसी को भी किसी भी प्रकार का कोई शुल्क न दिया जाए। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि यदि कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत किसी भी प्रकार की धनराशि की मांग करता है, तो तत्काल इसकी सूचना सम्बन्धित नगर निकाय कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

# मतदाता दिवस पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने शपथ ली

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को रविवार का अवकाश होने के कारण एक दिन पूर्व अर्थात आज 24 जनवरी को मतदाता दिवस शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर/ जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



# 26 जनवरी सिर्फ संविधान का उत्सव नहीं

# बिजनौर से लाहौर तक गूंजी 'पूर्ण स्वराज' की गाथा है!



परवेज आदिल माही

26 जनवरी का दिन हमारे कैलेंडर की महज एक तारीख नहीं है, बल्कि यह उस 'इंकलाब' का प्रतीक है जिसकी नींव 1930 में ही रख दी गई थी। आज हम जिस गणतंत्र का आनंद ले रहे हैं, उसका खाका आज से 96 वर्ष पूर्व लाहौर की रावी नदी के तट पर खींचा गया था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जब पंडित जवाहर लाल नेहरू लाहौर में तिरंगा फहरा रहे थे, तब जनपद बिजनौर की धरती भी उस चिंगारी से अछूती नहीं थी।

26 जनवरी 1930 को जब गांधी जी के आह्वान पर 'प्रथम स्वतंत्रता दिवस' मनाया गया, तो बिजनौर के नजीबाबाद, नगीना और चांदपुर जैसे केंद्रों में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ एक मनोवैज्ञानिक युद्ध छिड़ गया था।

नजीबाबाद के स्वतंत्रता सेनानियों ने केवल शपथ नहीं ली, बल्कि ब्रिटिश खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, स्थानीय बाजारों में 'स्वदेशी ढोल' बजाकर मुनादी की गई कि 'अब हम अंग्रेजों के कानून को नहीं मानेंगे'।

चांदपुर की सत्याग्रही टोली ने स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने गिरफ्तारी दी।

ब्रिटिश पुलिस रिकॉर्ड (॥श्वद्ध क्क्रद्यद्बह्लद्बष्ठ्ठ स्त्रद्बह्मद्यह्र 1930) के अनुसार, बिजनौर जनपद में उस दिन तिरंगा फहराने के आरोप में कई स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए थे। बिजनौर के नायकों ने इस आंदोलन को शिखर पर पहुंचा दिया था।

जनपद बिजनौर का योगदान राष्ट्रीय स्तर के नेताओं जैसा ही प्रखर रहा । 26 जनवरी के उस दौर में यहां के कुछ प्रमुख चेहरों ने कमान संभाली थी-मौलाना हिफ्जुर्रहमान (स्योहारवी) ने धार्मिक एकता और स्वराज का संदेश घर-घर पहुँचाया था। राजा ज्वाला प्रसाद जो प्रसिद्ध इंजीनियर और देशभक्त थे, उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रवादी गतिविधियों को वैचारिक समर्थन दिया था। पंडित देवव्रत और राम शरण दास ने बिजनौर की तहसीलों में घूम-घूम कर स्वराज का संकल्प पत्र बांट कर युवाओं को संगठित किया था। चौधरी रघुवीर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने ब्रिटिश सत्ता की ईंट से ईंट बजाने की शपथ ली थी।

1930 की ब्रिटिश 'इंटेलिजेंस ब्यूरो' की रिपोर्ट में दर्ज है कि बिजनौर और सहारनपुर जैसे जिलों में 26 जनवरी के आयोजन ने ग्रामीण अंचलों में 'कर-बंदी' की जमीन तैयार कर दी थी। अंग्रेज अफसर इस बात से हैरान थे कि लाहौर का संदेश बिजनौर के दूरदराज के गांवों तक बिना किसी संचार साधन के इतनी तेजी से कैसे पहुंच गया।

## बिजनौर का योगदान कम नहीं

26 जनवरी 1930 से शुरू हुआ यह सफर 1950 में गणतंत्र दिवस की स्थापना तक पहुंचा। बिजनौर जनपद का योगदान इस महायज्ञ में उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी अन्य महानगर का। आज जब हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि यह दिन केवल परेड और झांकियों का नहीं, बल्कि उस 'जिद्द' की शिद्दत को दोहराने का है जो हमने 1930 में अंग्रेजों के सामने दिखाई थी।

**बिजनौर - 27 जनवरी। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्वतंतत्रता दिवस बड़ी शान से मनाया गया, जिससे वर्ष 30 तथा 31 के शानदार जल्से जुलूसों की याद ताजा हो गयी। शाम के चार बजे कांग्रेस कार्यालय के मैदान में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने की रस्म अदा की गयी, और एक जुलूस निकाला गया जिसमें राष्ट्रीय ध्वज, बैंड नैश्नल कोर के साथ एक अजीब शान पैदा करता, जुलूस में कांग्रेस के स्थानीय सम्मानित कार्यकर्ताओं सहित नगर की जनता तथा छात्र बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। बाजार में पहुंचते पहुंचते जुलूस की संख्या एक हजार लोगों तक पहुंच गयी। पंडित मुरारी लाल जी की सुरीली आवाज और सुंदर कविताओं ने जनता को अपनी ओर खींच लिया था। पांच बजे शंबा बाजार में एक आम जलसे का आयोजन किया गया, जिसमें आजादी का संकल्प दोहराया गया, जिसकी जनता ने खड़े होकर हिमायत की, तत्पश्चात राष्ट्रीय नारों के साथ जलसा समाप्त हुआ ।**



مدینہ

بجنور میں یوم آزادی

(उर्दू अखबार मदीना के अंक 01 फरवरी 1935 के पृष्ठ 7 पर प्रकाशित समाचार का हिंदी अनुवाद)

## 26 नवंबर 1949 को ही तैयार हो चुका था संविधान

बहुत कम लोग जानते हैं कि भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को ही तैयार हो चुका था। लेकिन डॉ. भीमराव आंबेडकर और पंडित जवाहर लाल नेहरू ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इसे लागू करने के लिए 26 जनवरी 1950 तक इंतजार किया जाएगा। इसका एकमात्र उद्देश्य 1930 की उस 'पूर्ण स्वराज' की गौरवशाली तारीख को हमेशा के लिए भारतीय इतिहास में अमर करना था।

# सनातन संस्कृति सबको जोड़ने में विश्वास रखती है- ललित कुमार

## गंज में हुआ हिन्दू सम्मेलन

गंज (चिंगारी)। विराट हिंदू महा सम्मेलन का शुभारंभ बाबा झंडा सिंह गुरुद्वारा गंज के द्वारा चित्र के मां भारती के समक्ष दीप प्रचलित करके किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल गंज के भैया बहनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा मंचासीन अतिथियों को भगवा अंग वस्त्र

देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य वक्ता ललित कुमार (क्रीड़ा भारती) ने अपने संबोधन में कहा कि केवल सनातन हिंदुत्व में ही वसुधैव कुटुंबकम की बात कही जाती है अन्य किसी धर्म में ऐसा नहीं मिलता। हम अपने पूजा कर्म के बाद भी ईश्वर से विश्व के कल्याण की कामना करते हैं। इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन निजातपुरा मंडल के अध्यक्ष



भोजराज तथा सह जिला कार्यवाह सनत कुमार ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सनातन पद्धति सभी को जोड़ने में विश्वास रखती है। सभा का संचालन मनोज कुमार ने किया। सम्मेलन में हिन्दू सम्मेलन निजातपुरा मंडल के संरक्षक कौशल शरण अग्रवाल, भस्सू सिंह,ओमवीर सिंह भोजराज,उपासना, आशुतोष अग्रवाल, देवेंद्र सिंह, अरविंद, आदर्श शर्मा, शोभा दवी, ओम प्रकाश, राजीव कुमार, प्रदीप बिश्नोई, अनुराग, विपिन, दिनेश, संतराम, पूनम शर्मा, दीपम सहित हजारों महिला-पुरुष सम्मेलन में पहुंचें।

# समस्या का होगा समाधान, तय समय पर होगा ओवरब्रिज का निर्माण


**स्योहारा (चिंगारी)।** रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनने से जाम की समस्या से राहत मिलेगी। कंपनी इस ओवरब्रिज को बनाने के लिए 18 महिनों मे कार्य पूरा करने का भरोसा जयाया है। बहसूमा-चांदपुर-ठाकुरद्वारा राज्य मार्ग संख्या 147 पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की जिम्मेदारी दिल्ली की प्रगति कंस्ट्रक्शन को सौंप दी गई है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग ने रेलवे फाटक से थाना चौराहे तक सड़क के दोनों ओर स्थित 50 दुकानदारों व भवन स्वामियों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी किये हैं। लोक निर्माण विभाग ने सभी से सात दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की है। तय समय में अतिक्रमण न हटाने पर विभाग द्वारा बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार रेलवे ब्रिज निर्माण कार्य फरवरी के पहले सप्ताह से शुरू हो जाएगा। वर्षों से जाम की समस्या से जूझ रहे शहरवासियों को इससे बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

सभी देशवासियों, जनपदवासियों, अधिकारियों, शिक्षकों, शुभचिंतकों व सर्वहारा वर्ग को

गणतंत्र दिवस

के राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



सुरेन्द्र मलिक
वरिष्ठ शिक्षक नेता
चांदपुर

सभी क्षेत्रवासियों जनप्रतिनिधियों व पुलिसकर्मियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं



विकास कुमार तेवतिया
थानाध्यक्ष
नूरपुर (बिजनौर)

बहुउद्देश्य प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स)

बसी किरतपुर ( जनपद-बिजनौर )

की ओर से 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डिम्पल त्यागी
सचिव

डॉ. प्रतीक चौधरी
चेयरमैन

काम किया है काम करेंगे-जनता का सम्मान करेंगे।
ग्राम पंचायत सलावतनगर के सम्मानित ग्रामवासियों सहित समस्त सम्मानित देशवासियों को

77वें गणतन्त्र दिवस



के शुभ अवसर पर
हार्दिक बधाई/शुभकामनाएं
शुभाकांक्षी

कपिल कुमार सैनी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-सलावतनगर
ब्लॉक-अफजलगढ़ ( बिजनौर )

IFS Code: UPCBOOBIJNR RBI Licence RPCD.LK.05(DCCB)/2012 Date June 07,2012

भारतीय रिजर्व बैंक से लाइसेन्स प्राप्त

जिला सहकारी बैंक लि., बिजनौर

प्रधान कार्यालय सिविल लाईन्स-।।, बिजनौर-246701, उ.प्र.

की ओर से समस्त देशवासियों, जनपदवासियों एवं बैंक ग्राहकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त नागरिक निक्षेप ऋण योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये जिला सहकारी बैंक लि., बिजनौर की निकटस्थ बैंक शाखा से सम्पर्क करें। सभी बैंक शाखाए सीबीएस प्रणाली पर कार्यरत है। जिला सहकारी बैंक लि., बिजनौर द्वारा एकत्र किये गये संसाधनों का उपयोग जनपद के विकास में ही किया जाता है।

( कृषक सेवा एवं जनपद के विकास में विगत 115 वर्षों से बैंक की 49 शाखाओं के माध्यम से सतत समर्पित )

( संजय कुमार )
सचिव/मुख्य कार्यवाहक अधिकारी
जिला सहकारी बैंक लि., बिजनौर

( दिनेश कुमार )
अध्यक्ष
जिला सहकारी बैंक लि., बिजनौर



77 वें गणतंत्र दिवस
के मुबारक मौके पर सम्मानित कांग्रेस परिवार सहित अहले वतन को हमारी जानिब से
दिली मुबारकबाद
आपका अपना



मौ. इस्माईल तुर्क
पूर्व सांसद प्रतिनिधि
पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष-कांग्रेस पार्टी, अफजलगढ़

# लाखों की जीएसटी चोरी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रदेश में टैक्स चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिजनौर में जीएसटी फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। इस सम्बंध में थाना शहर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि पांच अन्य की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया है कि गिरोह के सदस्यों ने फर्जी जीएसटी फर्मों का जाल बिछाकर करीब 87.62 लाख रुपये की आईटीसी पास-ऑन टैक्स चोरी की।

9 दिसंबर 25 को राज्य कर अधिकारी खंड-2 बिजनौर सुभाषचन्द्र ने कोतवाली शहर थाने में ए-1 एंटप्राइजेज नाम की फर्म ने फर्जी व्यापार दिखाकर टैक्स चोरी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। एएसटी सिटी/एसआईटी नोडल डा. कृष्णगोपाल सिंह के नेतृत्व में एसआईटी टीम की जांच में सामने आया कि ए-1 एंटप्राइजेज ने फर्जी व्यापार स्थल दर्शाकर, बिना किसी वास्तविक माल की खरीद-फरोख्त के, कागजों में लेन-देन दिखाया और फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट पास-ऑन किया। 24 जनवरी को शहर कोतवाली पुलिस ने



मुखबिर की सूचना पर मेरठ निवासी रिजवान मलिक पुत्र फारूक मलिक व मौ. शाहिद पुत्र हाजी ननवा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से चार आधार कार्ड (एक ही नंबर के डुप्लीकेट), दो पैन कार्ड, विभिन्न बैंकों के डेबिट कार्ड, दो एप्पल मोबाइल फोन नकद धनराशि बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरोह के नफीस व वरीस पुत्रगण रफीक निवासी जाकिर कालोनी मेरठ, दानिश से पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने फर्जी फर्मों के जरिए बिना किसी वास्तविक व्यापार के फर्जी बिलिंग कर जीएसटी पोर्टल पर गलत विवरण अपलोड किया और टैक्स चोरी को अंजाम दिया।

## लालच देकर रिश्तेदार से लिये दस्तावेज़

**जांच में यह भी सामने आया कि फर्म मालिक बताए गए मौ. शाजाद के आधार कार्ड, पैन कार्ड और बिजली बिल जैसे अहम दस्तावेज उसके रिश्तेदारों मेरठ निवासी रिजवान मलिक, मौ. शाहिद ने 20 हजार रुपये प्रतिमाह का लालच देकर हासिल कर लिए थे। इन दस्तावेजों का इस्तेमाल कर जुनेद नामक व्यक्ति की मदद से फर्जी तरीके से ए-1 एंटप्राइजेज का जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराया गया।**

# गांवों में पहुंचा कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान



**नहटौर ( चिंगारी )।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाया जा रहा 'मनरेगा बचाओ संग्राम' जागरूकता अभियान पूरे जोश और उत्साह के साथ ग्रामीण अंचलों में पहुंचा। अभियान के अंतर्गत नागला, मालपुरा, इलावास, बालपुर, अखेड़ा और पहाड़पुर में चौपालों व बैठकों का आयोजन किया गया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह व कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों और मनरेगा जॉब कार्ड धारकों से सीधा संवाद कर उनके अधिकारों और समस्याओं को सामने रखा। वक्ताओं ने मजदूरी भुगतान में देरी, काम की कमी और एमजीएनरेगा के कमजोर होते क्रियान्वयन पर गंभीर चिंता जताई। इस अवसर पर पूर्व आईएएस आर.के. सिंह, एमजीएनरेगा जिला समन्वयक मोहम्मद सलीम, नाज़ाकत अली कंभोर, सुकेश कुमार, नहटौर ब्लॉक अध्यक्ष रतीराम सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने ली मतदान की शपथ

**चांदपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चान्दपुर-स्याऊ में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने विद्यार्थियों को बताया कि 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था।



राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर युवाओं को लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। क्लब के संयोजक डॉ. जैनुल आबीदीन ने कहा कि हमें जाति, धर्म, भाषा या किसी भी प्रलोभन से ऊपर उठकर निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य एवं एकेडमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई।

# सीआईएसएफ में चयनित होने पर विधायक ओम कुमार ने अजय को सम्मानित किया



**नहटौर ( चिंगारी )।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुकर्रमपुर निवासी अजय कुमार पुत्र फूल सिंह का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में होने पर विधायक ओमकुमार ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने अन्य युवाओं से भी प्रेरणा लेने का आह्वान किया।ओम सेवा सदन नहटौर पर आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में विधायक ओम कुमार ने कहा कि अजय कुमार ने अपने परिश्रम लगन और अनुशासन से यह सिद्ध कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो कठिन परिस्थितियों में भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा, समाज के अन्य युवाओं को अजय से प्रेरणा लेनी चाहिए। परिश्रम ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। इस अवसर पर अजय कुमार के परिजनों के साथ-साथ क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।

# हुड़दंग मचाने वालों की ख़ैर नहीं-थानाध्यक्ष

**नहटौर ( चिंगारी )।** थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में थानाध्यक्ष धीरज नागर ने कहा कि कांवड़ यात्रा और रविदास जयंती के पर्व को सभी लोग मिलजुल कर मनाएं। उन्होंने कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष निर्देश दिये। थाना अध्यक्ष ने सड़क किनारे खड़े विद्युत खंभों पर सेफ्टी कवर लगाने और विद्युत तारों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगने वाले शिविर सड़क से उचित दूरी पर लगाए जाएं और उनमें सीसीटीवी कैमरे भी अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। रविदास जयंती पर निकलने वाले जुलूस के लिए कमेटी के लोगों को विशेष ध्यान रखने को कहा गया। थानाध्यक्ष ने शराब का सेवन कर हुड़दंग करने वालों को जुलूस से दूर रहने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा और रविदास जयंती को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए और हुड़दंग करने वालों को



## शांति समिति की बैठक

किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर विद्युत विभाग के जेई चेतराम सिंह, नगर पालिका लिपिक विशेष उपाध्याय, कपिल शर्मा, राकेश अग्रवाल, पप्पू चौहान, विनिल वर्मा, प्रधान महेश कुमार, मनीराम, शेर सिंह, यशपाल सिंह, दीपक कुमार, नरपाल सिंह, सुदेश कुमार और पुनीत कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मदरसा दारूल उलूम गंज का सालाना इजलास मुकम्मल

**शेरकोट ( चिंगारी )।** अच्छी तालीम के लिए पहचान रखने वाले नगर के मदरसा दारुल उलूम मस्जिद गंज में आयोजित किये गए 26 वें सालाना इजलास में मदरसे से क़ुरान शरीफ़ मुकम्मल हिफ़्ज़ करने वाले 16 तालिबे-इल्म को दस्तार-ए-फ़ज़ीलत से नवाज़ कर उन्हें सनद दी गई। जुमे की रात बाद नमाजे इशा हुए जलसे में ख़ास मेहमान मदरसा जामिउल हुदा, मुरादाबाद के शेख़ुल हदीस हज़रत मौलाना अल्लामा जुबैर आलम ने अपने ख़िताब में फ़रमाया कि वे तमाम तालिबे-इल्म बहुत ख़ुशनसीब हैं जिन्होंने अपने सीनों में कलामुल्लाह महफ़ूज़ किया है। उन्होंने कहा कि क़यामत के दिन अल्लाह तआला हाफ़िज़ों के सर पर ताज पहनाएगा। मौलाना जुबैर आलम ने आगे फ़रमाया कि हमें अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे ताल्लुक़ात रखने चाहिए, चाहे वे किसी भी मज़हब के मानने वाले हों। एक अच्छे इंसान की पहचान यही है कि वह अपने पड़ोसियों से बेहतरीन रिश्ते बनाकर रखे। उन्होंने यह भी कहा कि इंसान को अपनी आमदनी के मुताबिक़ खर्च करना चाहिए। कंजूसी अल्लाह तआला को पसंद नहीं है और अपने घरवालों पर जाइज खर्च करना बेहतरीन सदक़ा है। उन्होंने शादियों में बढ़ती फिजूलखर्ची और बेपर्दगी को बंद करने पर खास जोर दिया। इस मौके पर मदरसा फ़ैज़ुल उलूम अफ़ज़लगढ़ के मोहतमिम हज़रत मौलाना शाह शफ़ीक़ अहमद क़ासमी ने फ़रमाया कि जिस तरह उस्तादों ने दिन-रात मेहनत करके आप लोगों को कलामुल्लाह हिफ़्ज़ कराया है, अब आपकी ज़िम्मेदारी है कि पूरी उम्र रोज़ाना तिलावत को अपनी ज़िंदगी का हिस्सा बनाए रखें और हमेशा अपने उस्तादों की इज़्ज़त व एहतराम करें। उन्होंने कहा कि अपनी ज़िंदगी को अल्लाह वालों के साथ वक़्फ़ कर बेहतरीन ज़िंदगी गुज़ारने वाले बनें। प्रोग्राम की सदारत हज़रत मौलाना शाह शफ़ीक़ अहमद क़ासमी ने की। इजलास का इफ़्तिताह क़ारी मौ. सादिक़ गंगोही की तिलावत-ए-क़ुरआन से हुआ, जबकि हम्द-ए-बारी तआला हमज़ा अयाज़ ने पेश की। प्रोग्राम में क़ारी जमशेद आलम, मौलाना मौ. उमर, क़ारी हबीबुल्लाह, क़ारी शहज़ाद आलम, मौलाना मौ. हस्सान, महफूज अहमद,शमीम अहमद (नेता जी), क़ारी अज़ीम, मौलाना रशीद अहमद, मौलाना कारी अब्दुल बासित ,क़ारी नूर आलम, मौलाना युसुफ़, मुफ्ती जाहिद, मौलाना अनवार, मौलाना शाहिद, क़ारी अज़ीम, मोलान अब्दुल रशीद आदि समेत बड़ी तादाद में उलमा, अज़ीज़-ओ-अक़ारिब और आम लोग मौजूद रहे। आखिर में मौलाना शफीक अहमद ने मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक्की, मदारिस व मकातिब और ख़ानक़ाहों की हिफ़ाज़त के लिए ख़ुसूसी दुआ के साथ प्रोग्राम मुकम्मल हुआ। नाज़िमे मदरसा क़ारी इलियास ने प्रोग्राम में आये सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। निजामत मौलाना अकबर रहमान ने की।


खिताब करते मौलाना ज़ुबैर आलम


हिफ़्ज़ मुकम्मल करने वाले तलेबा

## 16 तालिब-ए-इल्म की दस्तारबंदी हुई

*क़ुरआन शरीफ़ मुकम्मल हिफ़्ज़ करने वाले इन 16 तालिबे-इल्म को शील्ड, सनद और दस्तार ( पगड़ी ) बांधकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में हाफ़िज़ बने उबैदुर्रहमान, मौ. असद, मौ. फ़हद, मौ. अनस, मौ. शुऐब, मौ. रिहान, मौ. उमैर, मौ. हमज़ा, मौ. अमीन, मौ. आक़िब, मौ. रय्यान, मौ. अलतमश, मौ. सालिम,मौ अब्दुल्ला,मौ शहादत शामिल हैं। इस मौके पर उलमा-ए-किराम और मौजूद लोगों ने तालिबे-इल्मों को मुबारकबाद पेश की और उनके मुस्तक़बिल के लिए दुआएं कीं।*

# सांसद इमरान मसूद ने स्योहारा में बस स्टैण्ड बनाने की मांग की

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर नगरपालिका द्वारा प्रस्तावित सरकारी भूमि पर शीघ्र कार्रवाई किए जाने की मांग की है। सांसद द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि मुरादाबाद रोड, स्योहारा स्थित बस स्टैंड निर्माण हेतु लगभग 5 बीघा तथा सब्जी, फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए 12 बीघा सरकारी भूमि का विधिवत प्रस्ताव जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों को भेजा जा चुका है। यह परियोजना नगर के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताई गई है। पत्र में यह भी चिंता जताई गई है कि प्रस्तावित सरकारी भूमि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जे के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे न केवल जनहित की इस महत्वपूर्ण योजना में बाधा उत्पन्न हो रही है, बल्कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने की आशंका भी बनी हुई है। समय रहते कार्रवाई न होने पर भविष्य में भूमि विवाद और कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। सांसद इमरान मसूद ने लिखा है कि स्योहारा में स्थायी बस स्टैंड के अभाव में आम जनता को यातायात जाम, अव्यवस्था और असुरक्षा जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित निर्माण कार्य पूरे होने से नगर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर प्रस्तावित सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया जाए, ताकि बस स्टैंड, मंडी, पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सके। नगरवासियों को उम्मीद है कि शासन स्तर पर त्वरित निर्णय से स्योहारा के विकास को नई गति मिलेगी। इस पर चेयरमैन फैसल वारसी ने सांसद का आभार प्रगट किया।

# राम भक्ति में सराबोर हुये श्रद्धालु


प्राचीन शिव मंदिर में हुआ रामचरित मानस का अखण्ड पाठ

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर के प्राचीन शिव मंदिर में हो रहे रामचरितमानस के अखंड पाठ का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया, जिसमें रामभक्ति से सराबोर रहे श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। समापन अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राहुल शर्मा ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर प्राचीन श्री शिव मंदिर प्रांगण में अखंड रामचरितमानस के पाठ का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि यह भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का गौरवपूर्ण क्षण है। यह दिवस न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज को सत्य, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और समाज हित में कार्य करें। कार्यक्रम के अंत में विधिवत हवन-पूजन किया गया, जिसके उपरांत प्रसाद वितरण हुआ। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं नगरवासियों का विशेष योगदान रहा। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण एवं भक्ति-भाव से कार्यक्रम में सहभागिता की।

# विद्या मंदिर में हुआ यज्ञ का आयोजन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में बसंत पंचमी का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम बसंत पंचमी कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय में यज्ञ किया गया। यजमान के रूप में शोभा रानी पत्नी जयवेंद्र कुमार निवासी ग्राम कुम्हारपुरा उपस्थित रहे। विद्यालय के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार रस्तौगी, व्यवस्थापक देवेंद्र कुमार रस्तोगी कोषाध्यक्ष संदीप रस्तोगी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह समेत आचार्य आचार्या एवं विद्यालय के समस्त भैया बहनों ने यज्ञ में आहुति दी। बहन कशिश ने बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं वीर हकीकत राय के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय के व्यवस्थापक देवेंद्र कुमार रस्तौगी ने मां सरस्वती के जन्म दिवस कार्यक्रम का महत्व बताया। विद्यालय के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार रस्तौगी ने बसंत पंचमी कार्यक्रम की शुभकामनाएं देते हुए आशीष वचन प्रदान किए। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

# रंग महोत्सव कमेटी ने श्रद्धापूर्वक मनाया बसंत पंचमी का पर्व



**हल्दौर ( चिंगारी )।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर रंग महोत्सव कमेटी, मौहल्ला भूड़ होली चौक के तत्वावधान में होली चौक पर परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भाव से बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में बसंत रखने की धार्मिक परंपरा का विधिवत आयोजन किया गया। जिसमें नगर के अनेक गणमान्य लोग एवं श्रंद्धालु उपस्थित रहे। शुक्रवार की सुबह कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारणों के साथ हुई। इस अवसर पर पंडित नवीन शर्मा ने विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कराई तथा बसंत रखवाए जाने की संपूर्ण धार्मिक प्रक्रिया संपन्न कराई। पूजा के दौरान मां सरस्वती की वंदना की गई और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान कमेटी के अध्यक्ष ठा.पीयूष राजपूत ने उपस्थित लोगों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, समरसता और परंपराओं के संरक्षण का कार्य करते हैं। इस अवसर पर जंगबहादुर सिंह, प्रताप सिंह, ललित चौहान, हेमंत कुमार, राजन चौहान, मुनेन्द्र सैनी, टीकम सिंह, बिजेंद्र सिंह, राजेश चौहान, प्रमोद कुमार, रतीराम सैनी, सुरेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे।

# किन्नरों के विवाद ने पकड़ा तूल

## हीमपुर दीपा थाने पर बोला धावा

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। बिरसे के मालिकाना हक को लेकर पिछले काफी समय से चले आ रहे किन्नरो के विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया, जब भारी संख्या में किन्नर थाना पहुंचे और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए दूसरे पक्ष के विरुद्ध कार्रवाई कराये जाने को मांग को लेकर घंटों हंगामा किया। उन्हें देखने के लिए भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए, जबकि थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा सहित सारी पुलिस फोर्स उनके सामने बेबस नजर आयी। सभी उनकी मान मुनव्वल में जुटे रहे।**

मालूम हो कि किन्नरो के आपसी विवाद को गंभीरता से लेते हुए हीमपुर दीपा पुलिस की ओर से दोनों पक्षों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका में मुकदमा पंजीकृत किया गया था । शनिवार को गंज क्षेत्र की लता व रानी आदि किन्नर एसडीएम कोर्ट चांदपुर में जमानत कराकर लौट रहे थे। आरोप है कि उनकी गाड़ी ने जैसे ही चांदपुर बिजनौर मार्ग पर उलेढा गांव को पार किया तभी, दूसरे गुट के किन्नरों ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक करके रोक लिया और उन पर हमला कर उनके साथ मारपीट की तथा गाड़ी के सारे शीशे तोड़ दिये। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक कुमार भी थाना पहुंचे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के आश्वासन के बाद आक्रोशित किन्नरो का गुस्सा शांत हुआ। किन्नरो का आरोप था कि हीमपुर दीपा पुलिस दूसरे गुट के किन्नरो से हमसाज है। पुलिस की शह पर ही दूसरे गुट के किन्नरो ने उन पर हमला किया है। किन्नरो ने खुले तौर पर हीमपुर दीपा पुलिस पर रिश्वत के रूप में मोटी रकम खाने का आरोप भी लगाया। शनिवार को थाना परिसर में हुई घटना से किन्नरो का विवाद अब और तीखा हो चला है। इससे पहले किन्नरो के दोनों गुट हीमपुर दीपा क्षेत्र में घर-घर संपर्क कर अपने पक्ष में समर्थन जुटाते रहे हैं। बताते हैं कि यहां गंज क्षेत्र के किन्नर अब तक बधाई लेने आते थे, जबकि झालू पक्ष 1995 से पहले के अधिकार पत्र के आधार पर अपना वर्चस्व बता रहे हैं। दोनों पक्षों का कहना है कि अगर कोई किन्नर बधाई मांगने आता है तो उसकी तत्काल उन्हें सूचना दी जाए। भविष्य में अगर ऐसा हुआ तो टकराव निश्चित है। लोगों का मानना है कि इस विवाद का अगर शीघ्र पटाक्षेप न कराया गया तो यहां कभी भी यह विवाद भारी संघर्ष के रूप में देखने को मिल सकता है।


हीमपुर दीपा थाने पर हंगामा करते हुये किन्नर।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**नगीना ( चिंगारी )।** एम एम इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा मतदाता दिवस के अवसर पर नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। शनिवार को कॉलेज की छात्राओं द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली नगर के मुख्य मार्गो से होती हुए वापस कॉलेज पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान छात्राओं ने अपने हाथों में जागरूकता संदेश संबंधी तख्तियां ले रखी थी। इस मौके पर प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार सिंह गौतम, योगेंद्र सिंह, सचिन कुमार, जुबैर अहमद आदि मौजूद रहे।




## हेजलमून स्कूल में नेशनल वोटर्स-डे पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन




**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में नेशनल वोटर्स-डे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा पॉलिटिकल साइंस क्लब द्वारा श्रीमती पूनम त्यागी के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसमें कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों अभिश्री वशिष्ठ, आदित्य चौधरी, शगुन सिंह, रागेश्री डबास, संस्कृति अग्रवाल, दिशा भाटिया तथा रब कुमार त्यागी ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व और लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि नेशनल वोटर्स डे हर वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक लोगों को मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए प्रेरित करना है। यह दिन भारत में चुनाव आयोग की स्थापना के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान एक नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार और कर्तव्य है। प्रत्येक नागरिक को अपने मत का सही उपयोग अवश्य करना चाहिए। प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया तथा भविष्य में मतदान के प्रति जागरूक रहने की बात कही।

## रूपपुर में नई गौशाला का शिलान्यास

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम रूपपुर में नई गौशाला के निर्माण के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। ग्रामीणों ने इस के लिए ब्लाक प्रमुख श्रीमती कुंतेश देवी का आभार जताया है। इस अवसर पर कपिल चौधरी ने केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गांव में गौशाला का निर्माण होने से गौमाता को इसमें आश्रय मिलेगा तथा अब गौमाताओं को सड़कों पर भटकना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती रईसा खातून, चौ. वीर सिंह, एडीओ पंचायत गौरव चौहान, सेकेट्री सचिन भाटी, एपीओ सोनू कुमार,टीए अतीक अहमद, प्रधान पुत्र रियासत अली, क्षेत्र पंचायत सदस्य गौरव लाम्बा, सुनील जाटव, अंकित कुमार, प्रेम कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इससे पूर्व गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी को फूल मालाओं से लाद कर उनका भव्य स्वागत किया गया।





## बसंत रखा गया

नांगल सोती (चिंगारी)। बसंत पंचमी पर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे नांगल सोती में बसंत रखने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बसंत पूजन पं. तुषार कौशिक ने विधि-विधान पूर्वक सम्पन्न कराया। पूर्व फौजी सुशील शुक्ला, सुधाकर शुक्ला, सिन्टू शुक्ला, सत्यपाल कश्यप, छोटे मिश्रा, सचिन्त शुक्ला, मुन्नू कारीगर आदि पूजन में शामिल रहे। जबकि क्षेत्र के अन्य गांवों में भी परम्परागत रूप से होलिका दहन स्थलों पर बसंत स्थापित किया गया।

## लो जी अब गन्ना भी चुराने लगे चोर

नांगल सोती (चिंगारी)। ग्राम हरचंदपुर निवासी किसान राजकुमार का कहना है कि उसकी कृषि भूमि मौजा रफीपुर में स्थित है। कटाई-छिलाई के बाद उसके खेत में गन्ना पड़ा हुआ था। लगभग 13 कुंतल गन्ना चोरों ने खेत से चोरी कर लिया। राजकुमार की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 303 (2) के अन्तर्गत गन्ना चोरी का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इससे पूर्व में भी अलग-अलग गांवों में गन्ना चोरी की कई घटनायें घटित हो चुकी हैं।

## गोल्डन बैल्स स्कूल में बसंत पंचमी पर की गई मां सरस्वती की पूजा



**स्योहारा ( चिंगारी )।** गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बृहस्पतिवार 24 जनवरी को बसंत पंचमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह दिन विद्या की देवी माँ सरस्वती को समर्पित होता है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजन और वंदना से हुई। स्कूल निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह, निर्देशिका तवलीन कौर, प्रधानाचार्य शेखर सिंह और सीनियर कोर्डिनेटर शिवम ठाकुर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित और पूजा अर्चना की जिसमें शिक्षकों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को पीले रंग के फूलों और सजावट से सुंदर रूप दिया गया। विद्यार्थियों ने पीले वस्त्र धारण कर बसंत ऋतु के आगमन का संदेश दिया। पूर्व प्राथमिक स्तर के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसमें आरना, अमायरा, नित्या, अन्वी, इनाया, माहिरा मायशा, फातिमा, अलिशबा, गौरवी, कृष्णम आदि विद्यार्थियों की मुख्य भूमिका रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू मान्यताओं के अनुसार विद्या, संगीत और कला की देवी सरस्वती का जन्म इसी दिन हुआ था।यह दिन बहुत शुभ माना जाता है; बसंत पंचमी हमें ज्ञान, सृजनशीलता और सकारात्मकता का मार्ग दिखाती है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर शिखा,पारुल,छवि, सारा, नैना, मेहविश, सना आदि समस्त अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# हनी ट्रैप में फंसा किरतपुर का पैट्रोल पम्प स्वामी

## एसपी ने दोनों कांस्टेबिलों को सस्पेंड किया, आरोपी सभासद गिरफ्तार

**किरतपुर ( चिंगारी )। नगर में हनी ट्रैप का सनसनीखेज मामला हुआ है। जिससे नगर व पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया है। पांच आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। सभासद शाहवेज को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि एसपी ने दोनों आरोपी कांस्टेबिलों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। कांस्टेबिल फरार हैं।**

### आरोपी महिला व दो कांस्टेबिलों सहित पांच के विरूद्ध मामला दर्ज


गिरफ्तार सभासद शाहवेज

नगर का एक पेट्रोल पंप स्वामी हनी ट्रैप का शिकार हुआ है। एक महिला ने उसे अपनी मीठी-मीठी बातों में उलझाकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। हनी ट्रैप के इस मामले में किरतपुर थाने के दो कांस्टेबिल, नगर पालिका का एक सभासद और एक भाकियू नेता शामिल हैं। पंप मालिक को ब्लैकमेल कर 10 लाख रूपये की मांग की गई थी। पंप स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सभासद शाहवेज को गिरफ्तार कर लिया। किरतपुर के मुहल्ला अंसारियान निवासी पैट्रोल पम्प स्वामी अर्सलान को गत 10 जनवरी को एक महिला ने फोन कर बिजनौर के शास्त्री चौक पर बुलाया। वहां से वह उसे बिजनौर में चांदपुर चुंगी के पास स्थित रिमझिम होटल में ले गई, जहां उसका अश्लील वीडियो बनाया गया। अर्सलान ने बताया कि 21 जनवरी को मुहल्ले के ही भाकियू के मंडल प्रवक्ता आदिल जैदी ने उसे अपने घर बुलाया। वहां किरतपुर थाने के कांस्टेबिल लालू यादव और पुनीत त्यागी पहले से बैठे थे। उन्होंने बताया कि एक महिला ने उसके खिलाफ यौन शोषण की शिकायत की है। एक अश्लील वीडियो भी दिया है। महिला से समझौता कराने के नाम पर 10 लाख रुपये मांगे गये। बाद में आठ लाख रुपये में सौदा तय हुआ। कांस्टेबिलों ने कहा कि पैसा सभासद शाहवेज उर्फ शानू निवासी मुहल्ला छज्जुपुरा कस्बा किरतपुर के माध्यम से लिया जाएगा। सभासद भी मिला और कहा कि पैसे की व्यवस्था कर लो। परेशान होकर 23 जनवरी को अर्सलान ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। जांच सीओ को सौंपी गई, जिसमें मामला सही पाया गया।

थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि अर्सलान की तहरीर पर महिला फौजिया, कांस्टेबिल लालू यादव व पुनीत त्यागी, आदिल जैदी और शाहवेज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। भारतीय किसान युनियन (टिकैत) मंडल प्रवक्ता आदिल जैदी का कहना है कि उन्हे जान बूझकर षडयंत्र के तहत फंसाया जा रहा है। उनका किसी भी प्रकार की ब्लैक मेलिंग से कोई लेना देना नहीं है। यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## 26 से आमरण अनशन करेंगे कालू टिकैत

**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय जनहित सुधार समिति के संरक्षक रवेन्द्र त्यागी उर्फ कालू टिकैत ने स्वामी नाथन आयोग को लागू किये जाने,देश में दो बच्चों का कानून लागू किये जाने, खादर क्षेत्र में बाढ़ की रोकथाम के लिए बांध बनाये जाने सहित विभिन्न मांग को लेकर 26जनवरी से तहसील परिसर आमरण अनशन शुरू करने की घोषणा की।

## प्रभाष चंद मित्तल के निधन पर जताया शोक

**चांदपुर ( चिंगारी )।** माधव प्रसाद जूहा स्कूल में आयोजित शोक सभा में हिन्दू इंटर कालेज के अध्यक्ष इं. प्रभाष चन्द मित्तल के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में लोकेश कुमार, कृष्ण वीर सिंह, रचित अग्रवाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## एसडीएम ने दिलाई मतदान की शपथ


मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाते एसडीएम विजय शंकर।

**नगीना ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तहसील सभागार में आयोजित तहसील स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम विजय शंकर ने किया। कार्यक्रम में सबसे पहले एसडीएम विजय शंकर ने मौजूद सभी तहसील कर्मियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं व पुलिस अधिकारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर विभिन्न स्कूल/कॉलेज के विद्यार्थियों ने मताधिकार के प्रयोग करने का सभी से आग्रह करते हुए लोकतंत्र में इसकी ताकत का महत्व समझाया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

# सपा का संगठनात्मक फ़ैसला या चुनावी रणनीति?

### जिला कार्यकारिणी भंग किये जाने पर हो रही चर्चाएं

**बिजनौर ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी द्वारा शेख ज़ाकिर हुसैन साहित ज़िला कार्यकारिणी को भंग करना केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं मानी जा रही, बल्कि इसे आगामी विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को दुरुस्त करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।**



राजनीतिक जानकारों का मानना है कि हाल के दिनों में ज़िले की राजनीति में तेजी से बदले घटनाक्रमों ने सपा नेतृत्व को चिंतित किया। रालोद नेता डॉ. नीरज चौधरी द्वारा अधिक सक्रियता के साथ अपना प्रचार शुरू करना और कांग्रेस के प्रभावशाली नेता शेरबाज पठान का आजाद समाज पार्टी में शामिल होना इस बात का संकेत था कि सपा संगठन जमीनी स्तर पर प्रभावी भूमिका नहीं निभा पा रहा। पार्टी हाईकमान के ये कहकर कान भरे गये कि यदि जिला नेतृत्व मजबूत और सक्रिय होता तो इन नेताओं को सपा के पाले में लाया जा सकता था। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि सपा नेतृत्व अब केवल राजनीतिक गठबंधनों पर नहीं, बल्कि स्थानीय संगठन की क्षमता पर भी जोर देने के मूड में है। इस फैसले को पार्टी के भीतर चल रही गुटबाज़ी से जोड़कर भी देखा जा रहा है। जिला इकाई में लंबे समय से चला आ रहा आपसी मतभेद संगठन की एकजुटता पर असर डाल रहा था। पार्टी के कुछ लोग हाथ धोकर जिलाध्यक्ष के पीछे पड़े थे। कुछ दिन पूर्व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष के एक अन्य पार्टी के नेता के घर चले जाने पर भी बवाल मचा था। उस समय भी पार्टी हाईकमान से जिलाध्यक्ष की शिकायत की गई थी। हालांकि अब उस नेता ने सपा ज्वाइन कर ली है। ऐसे में हाईकमान द्वारा पूरे ढांचे को भंग करना एक तरह से 'रीसेट बटन' दबाने जैसा कदम माना जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि सपा का यह कदम संदेश देता है कि पार्टी अब निष्क्रिय नेतृत्व और अंदरूनी खींचतान को लेकर सख्त रवैया अपनाएगी। हालांकि असली परीक्षा तब होगी जब नया जिलाध्यक्ष घोषित किया जाएगा। यदि नया चेहरा ज़मीनी पकड़ वाला और सभी गुटों को साथ लेकर चलने वाला होता है, तो सपा को इसका चुनावी लाभ मिल सकता है। कुल मिलाकर, ज़िला कार्यकारिणी को भंग करने का निर्णय सपा की चुनावी तैयारियों का हिस्सा माना जा सकता है, जिसमें संगठन को नए सिरे से खड़ा करने और राजनीतिक नुकसान की भरपाई करने की कोशिश दिखाई देती है।

## शिविर में मनाया नारी सशक्तिकरण दिवस




**बिजनौर ( चिंगारी )।** नारायण पब्लिक इंटर कॉलेज, दयालवाला, बिजनौर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना **(NSS)** के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर नारी सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रीति राजपूत के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को नारी शिक्षा, नारी सम्मान, सुरक्षा एवं समान अधिकारों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के बिना समाज एवं राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को नारी सम्मान एवं समानता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी



# इनरव्हील की महिलाओं ने बंसत पंचमी मनाई सरस्वती की पूजा-अर्चना की, पतंग भी उड़ाई


बसंत पंचमी कार्यक्रम में पतंग का आनन्द लेती महिलाएं।

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में मीरा मित्तल के आवास पर बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन रश्मि अग्रवाल के संयोजन में विद्या, ज्ञान, कला व संगीत की देवी के जन्म पर सरस्वती का गुणगान किया गया। पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण ने सरस्वती से प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिया था कि बसंत पंचमी के दिन तुम्हारी भी आराधना की जायेगी। इस दिन पीले वस्त्र, पीले चावल बनाने की प्रथा है एवं पतंगें भी खूब उड़ाई जाती है। यह हरियाली व यौवन की खुशी को दर्शाती है। कार्यक्रम में महिलाओं ने पतंग उड़ाने का आनन्द लिया एवं मां सरस्वती के गीत गाये। इस मौके पर इन्दू गुप्ता, रूपम अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, उमा गुप्ता, सीमा कपूर, अन्जू मेहरा, सुषमा अग्रवाल, सुदेश गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।

# अखिलेश यादव ने इंजीनियर शादाब हैदर से की चुनावी चर्चा

**नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनपद बिजनौर के फ्रंटल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की। लखनऊ में सपा कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सपा युवजन सभा जिला अध्यक्ष हनी फैसल, सपा युवजन सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष इंजीनियर शादाब हैदर, सपा यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष नवाब मंसूरी, सपा छात्र सभा जिला अध्यक्ष फैजान प्रधान के साथ एक बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव व संगठन को लेकर कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की। सपा युवजन सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष इंजीनियर शादाब हैदर ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निजी सचिव गंगाराम द्वारा सभी को लखनऊ आने के लिए फोन पर आमंत्रित किया गया था। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई।


अखिलेश यादव के साथ मौजूद इंजीनियर शादाब हैदर।

# विवाहिता की मौत पर मायके वालों ने जाम लगाया


मृतका का फाइल फोटो

**नूरपुर (चिंगारी)।** कस्बे के मोहल्ला राम नगर निवासी विवाहिता सोनम (30) पत्नी मनोज उर्फ राहुल की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को मौत हो गई। महिला के मायके वालों ने नूरपुर पहुंचकर ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर स्योहारा मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला के मायके वालों को कार्यवाही का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। थाना क्षेत्र नांगल के गांव अभिपुरा निवासी मृतका के पिता सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी सुमन की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व मनोज उर्फ राहुल पुत्र रमेश के साथ कि थी। आरोप है कि गत 17 जनवरी को उसकी ससुराल वालों ने उसका गला दबा दिया। गम्भीर हालत में मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता सुरेन्द्र सिंह ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए पति मनोज उर्फ राहुल, सास कलावती, जेठ सुबोध व बाबू व जेठानी अलका के विरुद्ध तहरीर दी है।

## मुनव्वर अली की जिलाध्यक्ष पद पर दावेदारी से मची खलबली

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य मुनव्वर अली के सपा जिलाध्यक्ष पद की दावेदारी करने के बाद अन्य दावेदारों में खलबली मच गई है। उनकी दावेदारी इस लिए मजबूत मानी जा रही है, क्योंकि मुनव्वर अली सपा के पिछले 40 वर्षो से संस्थापक सदस्य रहकर स्व. मुलायम सिंह यादव की नीतियों एवं आदर्शों पर चलते हुए पार्टी की सेवा कर रहे है। मुनव्वर अली को समाजवादी पार्टी के गठन के समय प्रथम जिला महासचिव बनने का गौरव प्राप्त है। मुनव्वर अली युवजन सभा के जिलाध्यक्ष भी रहे चुके है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कल

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ भूढ्ढी पर 26 जनवरी को ब्लॉक स्तर पर एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कमेटी आयोजक आफाक अंसारी ने दी।

# बाजार में गिरे 50 हजार रूपये पुलिस ने करा दिये बरामद

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नजीबाबाद पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए पुत्री के विवाह का समान खरीदने आये व्यक्ति की जेब से गिरे पचास हजार रुपए बरामद कराये है। मंडावली थाना क्षेत्र निवासी रामशरण नजीबाबाद के चौक बाजार में अपनी पुत्री के विवाह के लिए सामान की खरीदारी करने आए थे। इसी दौरान उनके पास से पचास हजार रूपए की नकदी बाजार में गिर गई। नजीबाबाद पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में आई महिला गिरे हुए पैसे ले जाती हुई नजर आई। महिला की तलाश के बाद पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खोए हुये पचास हजार रूपए बरामद कर रामशरण को वापस लौटा दिये। इस कार्य के लिए नजीबाबाद पुलिस की लोगों ने तारीफ की।


वृद्ध के खोए हुए पचास हजार रूपए वापस करती पुलिस।

# आरएसएम कॉलेज में मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस

## विभिन्न विषयों पर की गई प्रश्नोत्तरी आयोजित

**धामपुर (चिंगारी)।** आर.एस.एम. कॉलेज में उत्तर प्रदेश दिवस राष्ट्रीय अध्यक्ष सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने हेतु एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने की व संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ. रवि धनखड़ ने किया।।

प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की संस्कृति, सभ्यता एवं आध्यात्मिक परंपराओं का केंद्र रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, महान विभूतियों एवं विकास यात्रा से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। डॉ. धनकड़ ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने राज्य के प्रति गर्व की भावना जागृत करना तथा प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक महत्व से परिचित कराना है।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के इतिहास, भूगोल, संस्कृति, पर्यटन, साहित्य एवं समसामयिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम भूमि सब्बरवाल ने द्वितीय संयुक्त रूप से अर्पित गंगवार, कशिश भारती एवं स्पर्धा रानी ने और तृतीय स्थान संयुक्त रूप से भूमिका पटेल एवं अमन सिंह ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम में प्रो. पूनम घई, प्रो. एस. एल. पाल, प्रो. शौराज सिंह, डॉ. जितेंद्र चौधरी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ हिमांशु त्रिपाठी, डॉ देवेश पाठक, डॉ. विवेक यादव, डॉ अंकित, डॉ. विनय दुआ, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमेधा चौहान, डॉ. अनिल यादव, डॉ. अनिल सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# एमडीएस इंटर कॉलेज में नेताजी सुभाषचंद बोस की जयंती मनाई


जयंती पर नेताजी सुभाषचंद बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रबंधक डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना।

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद में प्रबंधक डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना व उप प्रबंधक नीरज जैन ने संयुक्त रूप से सरस्वती पूजन किया। इस अवसर पर मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में काफी संख्या में शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके चित्र पर भी प्रबंधक डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना उप प्रबंधक नीरज जैन ने माल्यपर्ण कर प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुए सभी से नेताजी के आदर्शों से प्रेरणा लेने की अपील की। प्रबंधक ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं से अपने कर्त्तव्य के प्रति सजग रहने का आव्हान किया। उप प्रधानाचार्य अनिल योगी ने नेताजी सुभाषचंद बोस के विषय में बताया। वरिष्ठ शिक्षक प्रमोद कुमार शर्मा ने सरस्वती पूजा के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षकों अनूप सिंह, देव कुमार त्यागी, आलोक, कृष्ण कुमार, अश्वनी कुमार, शालिनी बंसल का विशेष सहयोग रहा।

## वृद्ध को बचाने के प्रयास में दो युवक घायल

**नूरपुर (चिंगारी)।** शनिवार की देर शाम थाना शेरकोट के गांव वाजिदपुर निवासी खुशीराम (28)पुत्र करन सिंह अपने साथी भूरे (30)पुत्र मोहन के साथ बाइक द्वारा अपने घर वापस जा रहे थे। नूरपुर स्योहारा मार्ग पर सामने से आ रहे एक वृद्ध को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने दोनो की नाजुक हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

# बहुउद्देश्यीय शिविर लगाकर की जन समस्याओं की सुनवाई
# बच्चों का अन्नप्राशन किया, गर्भवतियों की गोद भराई


गोद भराई कराते एडीएम एवं अतिथि।

**जसपुर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत पूरनपुर में लगे 'जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार' शिविर में लोगो की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई हुई। अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतों को जल्द निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। शुक्रवार को सर्द हवा और ठंड के दौरान आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में जन सुनवाई को विधायक आदेश चौहान, एडीएम पंकज उपाध्याय, एससी आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल, पूर्व विधायक डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल, ब्लाक प्रमुख अनूप कौर, जिपं सदस्य नईम प्रधान, चरनजीत सिंह, सनी पधान पहुंचे। इस दौरान कैंप में आई करीब 57 शिकायतों को एडीएम ने सुना, जिनमें लगभग 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर शेष शिकायतों को निस्तारित करने के आदेश दिये। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बाल विकास की पांच महिलाओं को महालक्ष्मी किट, पांच बच्चों का अन्न प्राशन और पांच गभर्वती महिलाओं की गोद भराई कराई। कैंप में डॉ. आशु सिंघल, डॉ. गीतांजलि, डॉ. ईश ढल्ला, दशमेश कौर ने 27 दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाये। श्रम विभाग ने 60 मजूदरों को कंबल एवं टूल किट बांटे। शिविर में विभागों ने अपनी योजनाओं के बैनर पोस्टर के साथ स्टॉल लगाये हुए थे। शिविर में सीएम राहत कोष से रकम, गुलदार से निजात, कुसुम योजना की रकम दिलाने, चकरोड, नाला, गूल निर्माण, आम्बेडकर पार्क का सोन्दर्यकरण कराने, आधार कार्ड, राशन कार्ड, विभिन्न गांवों में शमशान और कब्रिस्तान, बारात घर, टाइल्स रोड, नाली बनवाने, पाइप लाइन डलवाने, आंगनबाड़ी केंद्र खोलने आदि की शिकायतें दर्ज की गई। यहां नोडल अफसर राजेंद्र चौहान, तहसीलदार दलीप सिंह, बीडीओ केके कांडपाल, प्रभारी बीईओ हरिबाबू निरंजन, सीएमएस डॉ. धीरेंद्र गहलौत, राजकुमार सिंह, मनप्रीत लाडी, विमल सागर, विनीत चौहान, मृदुला सागर, दिलशाद शाह, इल्मा, नीशू, सीमा, आरती, जेई संदीप कुमार, मुकुल गर्जोला, एसडीओ शैलेंद्र सिंह, जेई दानिश, डॉ. सुधांशु,न रेंद्र रावत, संतोष देवरानी रहे।

# प्रीति भोला की आंखों से दो नेत्रहीन देखेंगे दुनिया


फाइल फोटो प्रीति भोला

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नेत्रदान अभियान के तहत नेत्रदान के प्रति समाज में जागरूकता आ रही है। जागरूक परिवार अपने परिजन के खोने पर भी पूर्व में नेत्रदान करा चुके परिवारों से संपर्क करते हैं, और नेत्रदान का कार्य संपन्न कराते हैं। नेत्रदान कार्यकर्ता वह लायंस क्लब ऋषिकेश देवभूमि के चार्टर अध्यक्ष गोपाल नारंग ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन कोटद्वार निवासी 53 वर्षीय प्रीति भोला का आकस्मिक निधन हो गया था। मां के निधन पर उनके पुत्र डॉक्टर सुगम भोला ने तुरंत पूर्व में अपने माता-पिता का नेत्रदान करवाने वाले मनमोहन भोला से संपर्क किया जिनके आग्रह पर नारंग ने निर्मल आई इंस्टिट्यूट की नेत्रदाध की रेस्क्यू में मकरेंदु एवं डॉक्टर शेफाली को तत्काल कोटद्वार रवाना किया, जहां टीम ने दोनों कॉर्निया सुरक्षित प्राप्त कर लिये। भारी वर्षा एवं दूरी अधिक होने पर भी समय से पहुंचने पर समाज सेवी दलजीत सिंह, अनिल भोला, राजकुमार, महेश भाटिया, आशु डंग, जितेन्द्र भोला ने टीम को धन्यवाद किया।

# अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हुये दुर्व्यवहार के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रखा मौन व्रत

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** तीर्थ नगरी ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर कांग्रेस जनों ने प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला के नेतृत्व में दो घंटे का मौन उपवास रखा तथा इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की निंदा की, बल्कि सनातन संस्कृति, धार्मिक गरिमा और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प भी दोहराया। केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि हमारी सनातन परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का अपमान है। ये सब उस प्रदेश में हो रहा है जहां का मुखिया खुद एक संत समाज से आता है और महंत की पदवी से सम्मानित है। वहीं दूसरी ओर उनकी सरकार में संतों की शिखा को पकड़ कर खींचना और अपमान करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस इस अनैतिक कृत्य का पुरजोर विरोध करती है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष परवादून मोहित उनियाल व पूर्व पालिका अध्यक्ष दीप शर्मा ने कहा कि संत समाज का अपमान किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। यह मौन उपवास हमारी आस्था, संस्कृति और सनातन मूल्यों की रक्षा का प्रतीक है। सरकार को चाहिए कि वह इस घटना पर संवेदनशीलता दिखाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाये।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता शूरवीर सजवाण, वरिष्ठ कांग्रेसी मदन मोहन शर्मा, अरविन्द जैन, बैसाख सिंह पयाल, मनोज गुसाईं, मदन कुमार शर्मा, राजेंद्र कोठारी, मधु मिश्रा, पार्षद देवेंद्र प्रजापति, अभिनव सिंह, सरोजिनी थपलियाल, मधु जोशी, मनीष जाटव, ऋषि सिंघल, ब्लॉक का. अध्यक्ष विजयपाल पंवार, सिंहराज पोसवाल, बलबीर सिंह नेगी, अभिषेक शर्मा, जगजीत सिंह जग्गी, गौरव यादव, जतिन जाटव, मुकेश जाटव, सुमित चौहान, राजेश शाह, नरेश वर्मा, अनिल गुप्ता, अमित जाटव, हिमांशु कश्यप, अंकुश, आदित्य झा, यश अरोड़ा, राहुल शर्मा, उमा ओबरॉय, सुभाष कुमार आदि मौजूद थे।

# जीआईसी के शिक्षक व दो छात्र दिल्ली परेड में होंगे विशिष्ट अतिथि

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत राइंका कोटद्वार के दो छात्र एवं दो शिक्षकों का चयन 26 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में किया गया है। शनिवार को जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब के दो नवाचारी छात्र शौर्यवीर व अंशपाल तथा उनके मार्गदर्शक शिक्षक दीपक नौटियाल व सीतांशु खुगशाल को नई दिल्ली में आयोजित 77वीं गणतंत्र दिवस परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया गया है। विद्यालय के लिए यह बड़े ही हर्ष और गौरव का विषय है। बताया कि दोनों छात्र एवं शिक्षक परेड में भाग लेने के लिए नई दिल्ली रवाना हो गए हैं। यहां छात्र राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र व प्रधानमंत्री संग्रहालय भ्रमण के अलावा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ संवाद कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे।

# पीएचडी की सीटों को प्रवेश परीक्षा से भरा जाये : अरविंद

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बीएड प्रशिक्षित महासंघ प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित राज्य विश्वविद्यालयों में भी पीएचडी की पचास प्रतिशत सीटों को प्रवेश परीक्षा और पचास प्रतिशत सीटों को नेट क्वालीफाई अभ्यर्थियों से भरने की मांग की है। शनिवार को यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि यूजीसी के वर्तमान नियमों के अनुसार केवल नेट क्वालिफाइ अभ्यर्थी ही पीचडी करने के योग्य है। इसलिए केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित राज्य विश्वविद्यालयों को पचास प्रतिशत सीटों पर पीएचडी के लिए अपनी प्रवेश परीक्षा करानी चाहिए, जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को पीएचडी करने का अवसर मिल सके। मौके पर उन्होंने राजकीय महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की नियुक्ति एपीआई से हटाकर लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के माध्यम से करने व प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों व महाविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग या अलग से गठित बोर्ड के माध्यम से करने की मांग भी की।

# दुगड्डा व सतपुली मोटर मार्ग सुरंग से जोड़ने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने दुगड्डा सतपुली मोटर मार्ग को सुरंग के माध्यम से जोड़ने की मांग की है। कहा कि इससे यात्रा मार्ग पर समय कम लगेगा। इस संबंध में शनिवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधान मंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में दुगड्डा से सतपुली सड़क मार्ग से जाने में एक से डेढ़ घंटे का समय लगता है, अगर दुगड्डा से सतपुली को सुरंग के माध्यम से जोड़ दिया जाय तो यात्रा में समय कम लगेगा और यात्री कम समय में केदारनाथ व बद्रीनाथ आदि तीर्थ स्थानों में पहुंच पायेंगे। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में गोपाल सिंह, कुलवंत पुंडीर,अनसूया प्रसाद सेमवाल, ठाकुर सिंह, पूर्ण सिंह और नयन सिंह आदि शामिल रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई बसंत पंचमी


पूजन यज्ञ करते शिक्षक एवं छात्र।

## मां सरस्वती की पूजा कर ऋतुराज का स्वागत किया

**जसपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शैक्षणिक संस्थानों एवं प्राचीन मंदिरों में चारों ओर पीले रंग की छटा और सरस्वती वंदना की गूंज सुनाई दी। नगर के ठाकुर मंदिर, धर्मशाला मंदिर, खाटू श्याम, काली माता मंदिर में विशेष पूजन किया गया। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मां सरस्वती का पीले फूलों और वस्त्रों से भव्य श्रृंगार किया गया। महंत भगवत दास जी महाराज ने बताया कि बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं बल्कि प्रकृति के पुनर्जन्म और ज्ञान की महत्ता का प्रतीक है। वहीं महुवाडाबरा स्थित राम लाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज एवं आवास विकास स्थित श्री राम चंद्र सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ज्ञान का उत्सव धूमधाम के साथ मनाया। यहां सरस्वती पूजन का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर की गई। तथा सुंदर कांड का पाठ किया गया इसके बाद शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने हवन में आहुति दी। छात्रों ने पीले वस्त्र धारण कर सरस्वती वंदना, भजन और बसंत गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण किया गया। यहां पृथ्वी सिंह, बलकरन सिंह, वेद प्रकाश विश्नोई, नरेश चौहान, गिरीश जोशी, जितेंद्र सिंह, परविंदर सिंह, शिवानी जैन, आकांक्षा, शालिनी, ऋचा गुप्ता, चिंकी आदि उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

आप सभी देशवासियों, ग्रामवासियों एवं पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस 2026 और रविदास जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं



ग्राम पंचायत गोपालपुर
विकास खंड हल्दौर
ग्राम प्रधान रंजिता देवी
प्रधान पति
डॉ. गजेन्द्र पाल सिंह
(समाजसेवी)



ग्रामवासियों से विनम्र अपील:- गांव में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। अपने आसपास गंदगी ना होने दें। खंभों पर लग रही लाइटों को दिन में न जलाएं। गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों का समय पर टीकाकरण कराते रहे। ग्राम पंचायत में होने वाली बैठक में सभी ग्राम वासी अवश्य भाग लें।


# बसंत पंचमी पर नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** गायत्री शक्तिपीठ पर शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा ने श्रीमती प्रेमलता शर्मा के साथ सपत्नीक बसंत पूजन व मां सरस्वती का पूजन किया। सचिव जितेंद्र सिंह ने श्रीमती रिंकी के साथ सपत्नीक अखंड दीपक, कलश व पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, माता भगवती देवी शर्मा के चित्रों पर माल्यार्पण किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ0 दीपक कुमार ने नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न कराते हुए कहा कि बसंत पर्व मां सरस्वती का अवतरण दिवस है। राज भटनागर, एचपी सिंह, ओमपाल सिंह, सत्य प्रकाश, हरीश शर्मा, अशोक वर्मा, सारिका अग्रवाल, सुमन वर्मा, शशि, आशा, पुष्पा, कामेश शर्मा ने गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ में आहुतियां समर्पित की। एक बुराई छोड़ने व एक अच्छाई अपनाने के संकल्प के साथ नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ में गोला, सुपारी चढाकर पूर्णाहुति की।


ग्राम पंचायत पूंडरी खुर्द ( ब्लॉक नजीबाबाद ) की ग्राम प्रधान
**राधा राजपूत** एवं प्रधानपति , सामाजिक कार्यकर्ता
**सुधीर राजपूत उर्फ पिंटू**
( निवासी ग्राम बरकातपुर )
की ओर से समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
77वें गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनायें









आप सभी देशवासियों, ग्रामवासियों एवं पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस 2026 और रविदास जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
**रूपचंद सिंह**
राशन डीलर
ग्राम गौसपुर टोपरी
विकासखंड हल्दौर




# वीर हकीकत राय बलिदान दिवस मनाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज कोटद्वार मार्ग में बसन्त पंचमी एवं वीर हकीकत राय बलिदान दिवस एवं सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, पूरन सिंह भण्डारी, कपिल गर्ग, विशम्बर सिंह एवं उनकी पत्नी रूपा देवी, अजय गुप्ता, हेमन्त कुमार, अंशुल त्यागी एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सुभाष चंद्र बोस के चित्र के सम्मुख भी पुष्पार्चन किया। इस अवसर पर आचार्य पंकज शर्मा, गोपेन्द्र सिंह, आत्मस्वरूप शर्मा, अनन्त कुमार, गौरव कुमार, घनश्याम सिंह, सोनू कुमार, विवेक प्रताप, संजीव कुमार, सचिन कुमार, आचार्या रजनी टाँक, फूलमाला वर्मा, पूनम, मनु आदि उपस्थित रहे।


गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!
**श्री लाइट**
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**श्री देवा शंकर सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज किरतपुर ( बिजनौर )**

श्री राम बहादुर सिंह जी गहलौत जब से इस विद्यालय के प्रबंधक बने हैं, तब से विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। विद्यालय का भौतिक भवन एवं प्रांगण सुसज्जित एवं सुंदर बना है। विद्यालय के शैक्षिक स्तर एवं अनुशासन में सुधार हुआ है। भविष्य में भी विद्यालय को और कितना अच्छा बनाया जा सकेगा इस पर उनका सतत चिंतन और मनन रहता है। यह विद्यालय नगर ही नहीं बल्कि जिला और प्रदेश में एक अच्छा स्थान प्राप्त करें। इसके लिए वे सतत प्रयास कर रहे हैं।





रामकुमार शर्मा
प्रधानाचार्य

रामबहादुर गहलौत
प्रबंधक



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150





CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor